श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 292, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 18 नवंबर 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

क्रियायोग संदेश

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान प्रयागराज

क्रिया योगः साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस लाख वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

क्रियायोग से सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित।

10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

कोर्ट ने कहा- ज्ञानवापी परिसर हिंदुओं को सौंपने की मांग का मुकदमा सुनवाई योग्य

ज्ञानवापी: मुस्लिम पक्ष की आपत्ति खारिज

वाराणसी: वाराणसी कोर्ट ने ज्ञानवापी के एक मामले में मुस्लिम पक्ष की आपत्ति को खारिज कर दिया है। मुस्लिम पक्ष ने कहा था कि ज्ञानवापी परिसर का कब्जा हिंदुओं को सौंपने से जुड़ा मुकदमा सुनवाई योग्य नहीं है। इसकी सुनवाई नहीं होनी चाहिए, लेकिन कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद आदेश दिया कि इस मुकदमे पर सुनवाई संभव है।

इस वजह से मुस्लिम पक्ष की आपत्ति को खारिज कर दिया गया। गुरुवार को ज्ञानवापी परिसर हिंदुओं को सौंपने सहित तीन मांगों को लेकर सिविल जज सीनियर डिवीजन महेंद्र कुमार पांडेय की फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई हुई। जिन तीन मांगों पर सुनवाई होनी थी, उसमें एक याचिका किरन सिंह विसेन और अन्य की है।

इसमें ज्ञानवापी परिसर हिंदुओं को सौंपने की मांग की गई थी। इस पर अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी ने आपत्ति लगाई थी। कमेटी ने कहा था

कि किरन सिंह विसेन की यह याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। भगवान आदि विश्वेश्वर विराजमान का मुकदमा विश्व वैदिक सनातन संघ के प्रमुख जितेंद्र सिंह विसेन की पत्नी किरन सिंह विसेन और अन्य ने दाखिल किया है।

2 दिसंबर अगली डेट फिक्स: विश्व वैदिक सनातन संघ के एडवोकेट अनुपम द्विवेदी के मुताबिक, अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि मुकदमा सुनवाई योग्य है।

अदालत ने सुनवाई की अगली डेट 2 दिसंबर फिक्स की है। इससे पहले इस मुकदमे के संबंध में कोर्ट ने 17 नवंबर की डेट फिक्स की थी। यह मुकदमा विश्व वैदिक सनातन संघ के प्रमुख जितेंद्र सिंह विसेन की पत्नी किरन सिंह विसेन और अन्य की ओर से दाखिल

किया गया है। कोर्ट में हिंदू और मुस्लिम पक्ष अपनी बहस पूरी कर उसकी लिखित प्रति दाखिल कर चुके थे।

किरन सिंह विसेन और अन्य की 3 मांग:

ज्ञानवापी परिसर में मुस्लिम पक्ष का प्रवेश प्रतिबंधित हो।

ज्ञानवापी परिसर हिंदुओं को सौंप दिया जाए।

ज्ञानवापी परिसर में मिले ज्योतिर्लिंग की नियमित पूजा-पाठ करने दी जाए।

मुकदमे में 5 प्रतिवादी हैं: जितेंद्र सिंह विसेन के अनुसार इस मुकदमे में यूपी सरकार, वाराणसी के डीएम व पुलिस कमिश्नर, अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी और विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट को प्रतिवादी बनाया गया है।

मुस्लिम पक्ष ने भी पेश की थी दलील

वहीं मुस्लिम पक्ष यानि अंजुमन इंतजामिया मसाजिद की तरफ से मुमताज अहमद, तौहीद खान, रईस अहमद, मिराजुद्दीन खान और एखलाक खान ने कोर्ट में प्रतिउत्तर में सवाल उठाते हुए कहा था कि एक तरफ कहा जा रहा है कि वाद देवता की तरफ से दाखिल है।

वहीं दूसरी तरफ पब्लिक से जुड़े लोग भी इस वाद में शामिल हैं। यह वाद किस बात पर आधारित है, इसका कोई पेपर दाखिल नहीं किया गया है और कोई सबूत नहीं है। कहानी से कोर्ट नहीं चलती, कहानी और इतिहास में फर्क है। जो इतिहास है वही लिखा जाएगा। साथ ही कानूनी नजीरे दाखिल कर कहा था कि वाद सुनवाई योग्य नहीं है और इसे खारिज कर दिया जाए।

3 वकील देख रहे हमारे सारे मुकदमे: विसेन

जितेंद्र सिंह विसेन ने कहा कि ज्ञानवापी परिसर से संबंधित वे सभी मुकदमे जो वाराणसी जिला न्यायालय में हमारी देखरेख में चल रहे हैं, उनकी पैरवी के लिए केवल तीन ही अधिकृत वकील नियुक्त किए गए हैं। उन तीनों वकीलों के नाम मान बहादुर सिंह, अनुपम द्विवेदी और शिवम गौर हैं।

इन तीनों वकीलों के अतिरिक्त यदि कोई भी खुद को विश्व वैदिक सनातन संघ द्वारा संचालित मुकदमों में स्वयं को वकील बताता या दशार्ता या लिखता है तो वह पूर्ण रूप से फर्जी है। इससे पहले 12 सितंबर को कोर्ट ने ज्ञानवापी कैंपस में मौजूद मां श्रृंगार गौरी मंदिर में पूजा की अनुमति देने वाली याचिका को सुनवाई योग्य माना है।

अमृतसर में 2 आतंकी गिरफ्तार

अमृतसर: पंजाब के अमृतसर में स्थानीय पुलिस ने 3 हैंड ग्रेनेड के साथ दो आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। यह दोनों ही फिरोजपुर के रहने वाले हैं और अपनी कार में हैंड ग्रेनेड लेकर अमृतसर में घूम रहे थे। सूचना के आधार पर पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया और दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। पुलिस को सूचना मिली थी कि फिरोजपुर के गांव बारेके निवासी प्रकाश सिंह और गांव अलीके निवासी अंग्रेज सिंह कार में दबुर्जी के पास ग्रीन फील्ड व गार्डन एनक्लेव में एक सफेद रंग की ब्रेजा में घूम रहे हैं। सूचना थी कि दोनों के पास

विस्फोटक हैं और किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की तैयारी कर रहे हैं। जिसके बाद पुलिस ने ग्रीन फील्ड व गार्डन ऐनक्लेव में सर्च अभियान चलाया।

सर्च के दौरान दोनों आरोपियों की कार से मिले हैंड ग्रेनेड: दोनों आरोपियों से तलाशी के दौरान 3 हैंड ग्रेनेड बरामद कर लिए। आरोपियों से 1 लाख रुपए भी जब्त किए गए हैं। पुलिस ने फिलहाल दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

श्रद्धा मर्डर केस में आफताब का नार्को टेस्ट होगा

कोर्ट ने 5 दिन की रिमांड भी दी, सीन रीक्रिएट करने हिमाचल ले जाएगी पुलिस

नई दिल्ली: दिल्ली में 27 साल की श्रद्धा के मर्डर के आरोपी आफताब अमीन पूनावाला को गुरुवार को साकेत कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पेश किया गया। कोर्ट ने आफताब की पुलिस कस्टडी 5 दिन बढ़ा दी है। पुलिस ने कोर्ट में आरोपी को हिमाचल की पार्वती घाटी और दिल्ली के वन क्षेत्रों में ले जाकर सीन रीक्रिएट करने की बात कही थी। कोर्ट ने आफताब के नार्को टेस्ट की परमिशन दी है। बताया गया है कि आफताब ने भी इस टेस्ट के लिए अपनी सहमति जताई है।

वकीलों ने प्रदर्शन किया, बोले- फांसी दो: साकेत कोर्ट के बाहर वकीलों ने प्रदर्शन करके जमकर नारेबाजी की। वकीलों की

मांग थी कि श्रद्धा के कातिल आफताब पूनावाला को फांसी की सजा दी जानी चाहिए। वकीलों के प्रदर्शन के कारण कोर्ट परिसर में काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। पुलिस को इस प्रदर्शन का इनपुट पहले से ही था, इसलिए उसने कोर्ट से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पेशी की मांग की थी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि दिल्ली पुलिस नए सुराग वाटर बिल पर आफताब से पूछताछ करना चाहती है। आफताब के महरौली फ्लैट का 300 रुपए का वाटर बिल आया है, जबकि पड़ोसियों का बिल जीरो है। वजह यह कि दिल्ली में 20 हजार लीटर पानी मुफ्त दिया जाता है।

पुलिस जानना चाहती है कि आखिर आफताब ने इतना पानी कहां खर्च कर डाला। उधर, श्रद्धा के बॉडी पार्ट्स, मर्डर वेपन और मोबाइल की तलाश में लगातार तीसरे दिन महरौली के जंगलों में छानबीन की जाएगी। अब तक यहां से 13 बॉडी पार्ट्स मिले हैं, जिन्हें फोरेंसिक जांच और डीएनए जांच के लिए भेजा गया है। 28 साल के आफताब ने 18 मई को श्रद्धा का मर्डर किया था और उसके 35 टुकड़े कर जंगल में फेंके थे।

'पीएम स्व-निधि योजना के क्रियान्वयन में मप्र देश में अव्वल'

भोपाल। पीएम-स्वनिधि योजना में अभी तक मध्यप्रदेश में 6 लाख से अधिक स्ट्रीट वेंडर को ऋण वितरित किया जा चुका है। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने गुरुवार को मीडिया को जानकारी दी है कि योजना के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश देश में अव्वल है। उन्होंने इस कार्य में लगे अधिकारी और कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा है कि आगे भी यह स्थान बरकरार रहना चाहिए। पी. एम. स्वनिधि योजना के प्रथम चरण में 5 लाख शहरी पथ विक्रेताओं को 498 करोड़ 77 लाख रुपए का ऋण वितरित कर मध्यप्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है।

योजना के द्वितीय चरण में (20 हजार रुपये ऋण राशि) 97 हजार 508 शहरी पथ विक्रताओं को 194 करोड़ 74 लाख रुपए का ऋण वितरित कर देश में द्वितीय स्थान पर है। योजना के तृतीय चरण में 1,726 शहरी पथ विक्रताओं को 8 करोड 59 लाख रुपए का व्याज मुक्त ऋण प्रदान किया गया है। साथ ही 2 लाख 26 हजार स्ट्रीट बेंडर्स ने डिजिटली लेन-देन कर 3 करोड 15 लाख रुपये का कैशबैक प्राप्त किया है।

सावरकर ने अंग्रेजों की मदद की: राहुल गांधी

उद्धव का जवाब- कांग्रेस नेता का बयान स्वीकार्य नहीं

मुंबई: कांग्रेस नेता राहुल गांधी विनायक दामोदर सावरकर के अंग्रेजों की मदद करने की बात दोहराई। उन्होंने कहा कि वीर सावरकर ने अंग्रेजों की मदद की। राहुल ने महाराष्ट्र सरकार को भारत जोड़ो यात्रा को रोकने की चुनौती भी दी। इससे पहले महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना के एक धड़े के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कांग्रेस नेता टिप्पणी से पल्ला झाड़ लिया। उद्धव ने कहा कि उनकी पार्टी वीर सावरकर का बहुत इज्जत करती है और वह स्वतंत्रता सेनानी पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की

टिप्पणी को स्वीकार नहीं करते हैं। हमारे मन में स्वतंत्र वीर सावरकर के लिए बहुत सम्मान और विश्वास है और इसे मिटाया नहीं जा सकता।

राहुल ने सावरकर का कथित पत्र भी पढ़ा: लोगों से बात करते हुए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने एक पत्र को पढ़ा। दावा किया कि वह वीर सावरकर ने अंग्रेजों को लिखा था। राहुल ने पत्र को पढ़कर सुनाया कि सर, मैं आपके सबसे आज्ञाकारी सेवक बने रहने की विनती करता हूं। उस पर हस्ताक्षर भी किए गए थे। सावरकर ने अंग्रेजों की मदद की। उन्होंने डर के मारे पत्र पर हस्ताक्षर करके महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू और सरदार पटेल जैसे नेताओं को धोखा दिया। इससे पहले वाशिम जिले में मंगलवार को अपनी भारत जोड़ो यात्रा के तहत आयोजित एक रैली के दौरान राहुल गांधी ने कहा था कि सावरकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रतीक हैं। सावरकर ने खुद पर एक अलग नाम से एक किताब लिखी थी और बताया था कि वह कितने बहादुर थे।

जेल में ही रहेंगे आप नेता सत्येंद्र जैन

नई दिल्ली: आम आदमी पार्टी के नेता सत्येंद्र जैन को सीबीआई कोर्ट फिर झटका लगा है। गुरुवार को कोर्ट ने सत्येंद्र जैन और दो अन्य को मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में जमानत देने से इनकार कर दिया। इसके एक दिन पहले दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष जज विकास ढुल ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। कोर्ट ने मेन केस में सुनवाई के लिए अगली तारीख 29 नवंबर तय की है।

तिहाड़ जेल में बंद हैं सत्येंद्र जैन: प्रवर्तन निदेशालय ने सत्येंद्र जैन को 30 मई को प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग केस मामले में गिरफ्तार किया था। इसके बाद से सत्येंद्र जैन तिहाड़ जेल में बंद हैं। ईडी के अनुसार, सत्येंद्र जैन मनी लॉन्ड्रिंग के लिए इस्तेमाल की जाने वाली 4 शेल कंपनियों के वास्तविक नियंत्रण में थे, और सह-आरोपी अंकुश जैन और वैभव जैन सिर्फ डमी थे। दूसरी ओर, सत्येंद्र जैन के वकील ने तर्क दिया कि उनकी भूमिका पीएमएलए के दायरे में नहीं आती है। जैन से संबंधित जांच पूरी हो चुकी है और आरोप पत्र दायर किया जा चुका है।

मोरबी ब्रिज हादसे पर निगम ने मानी गलती

मोरबी: गुजरात के मोरबी ब्रिज हादसा मामले में मोरबी नगर निगम ने अपनी गलती मान ली है। हाईकोर्ट में दायर हलफनामे में मोरबी म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन ने कहा है कि बिना फिटनेस सर्टिफिकेट के ब्रिज नहीं खोला जाना चाहिए था। बता दें, 30 अक्टूबर को हुए हादसे में 138 लोगों की मौत हो गई थी। इनमें 50 से ज्यादा बच्चे थे। कोर्ट ने जवाब दाखिल करने का आदेश दिया था: बता दें, मोरबी ब्रिज गिरने के मामले में कोर्ट ने खुद एक्शन लेते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। कोर्ट ने मोरबी नगर निगम को 7 नवंबर को नोटिस जारी कर 14 नवंबर तक जवाब मांगा था, लेकिन निगम जवाब देने में विफल रहा। कोर्ट ने 15 नवंबर को एक और दिन का समय दिया था, लकिन निगम जवाब

फाइल दाखिल करने में विफल रही। निगम ने 16 नवंबर को हुई सुनवाई में हलफनामा पेश किया।

कोर्ट ने सिविक बॉडी से पूछे थे 8 सवाल: बिना टेंडर बुलाए रेनोवेशन का ठेका कैसे दे दिया? पुल की फिटनेस को सर्टिफाई करने की जिम्मेदारी किसके पास थी? 2017 में कॉन्ट्रैक्ट खत्म होने और अगले टेन्योर के लिए टेंडर जारी करने के लिए क्या कदम उठाए? 2008 के बाद रिन्यू नहीं हुआ, तो किस आधार पर पुल को अजंता द्वारा संचालित करने की अनुमति दी जा रही थी? क्या हादसे के लिए जिम्मेदारों पर गुजरात नगरपालिका अधिनियम की धारा 65 का पालन हुआ था? गुजरात नगर पालिका ने अधिनियम की धारा 263 के तहत अपनी शक्तियों का उपयोग क्यों नहीं किया, जबकि प्राइमाफेसी गलती नगर पालिका की थी। पुल हादसे के बाद से अब तक क्या-क्या कदम उठाए गए हैं? क्या सरकार उनको अनुकंपा नौकरी दे सकती है जिनके परिवार का इकलौता कमाने वाला हादसे में मारा गया।

एलपीजी सिलेंडर पर अब होगा क्यूआर कोड

नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया

आने वाले कुछ दिनों में आपने घर पहुचने वाले एलपीजी सिलेंडर पर भी क्यूआर कोड लगा होगा। सरकार एलपीजी गैस सिलेंडर पर क्यू आर कोड लगाने का फैसला इसलिए लिया है ताकि आपके घर तक सिलेंडर पहुचाने की प्रक्रिया के दौरान वेंडर्स उससे गैस ना निकाल सकें। देश में लगभग 30 करोड़ एलपीजी उपभोक्ता है, जबकि गैस सिलेंडरों की संख्या करीब 70 करोड़ है। इनमें सबसे अधिक ग्राहक इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के पास हैं। देश में जैसे-जैसे गैस की कीमतों में

इजाफा हो रहा है, सिलेंडरों से अवैध तरीके से गैस निकालने के मामले भी बढ़ रहे हैं।

इसी पर लगाम लगाने केलिए सरकार ने सिलेंडरों को क्यूआर कोडयुक्त करने का फैसला लिया है। क्यूआर कोड युक्त सिलेंडर होने से उपभोक्ताओं को गैस की चोरी होने की स्थिति में मदद मिलेगी।

दरअसल, क्यूआर कोड की मदद से उनके सिलेंडर को ट्रैक किया जा सकेगा, जिससे सिलेंडर वितरण की प्रक्रिया के दौरान गैस चोरी करने वालों की पहचान हो सकेगी।

पुलिस ने फाफामऊ डकैती का किया खुलासा, 6 गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। फाफामऊ में 9 नवंबर की की रात 10 बजे राम कुमार पांडेय के घर में घुसकर सशस्त्र बदमाशों द्वारा की गई डकैती का आज पुलिस ने अनावरण कर दिया है। पुलिस ने डकैती डालने वाले छह अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।उनके पास से डकैती में लूटा गया सोने चांदी का सामान 3 अवैध तमंचा 312 बोर के छह जिंदा कारतूस, कार व बाइक बरामद कर ली है। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि दो लाख रुपये उधार चुकाने के लिए उन्होंने यह डकैती डाली है।

दो लाख उधार चुकाने को बन गए डकैत

पुलिस की पूछताछ में मुख्य अभियुक्त सचिन कुमार सिंह ने बताया कि वह फाफामऊ स्थित एक फल विक्रेता की दुकान पर काम करता है। उससे फल विक्रेता से 2 लाख रुपए उधार लिए थे। फल विक्रेता अपने रुपए मांग रहा था जिसे वह चुका नहीं पा रहा था। इसके अलावा घर से जो पैसे खर्च के लिए मिल रहे थे वह पर्याप्त नहीं पढ़ रहे थे।

उधार चुकाने का दबाव और खर्च के रुपए कम पढ़ने की वजह से सचिन सिंह ने अपने दोस्त हर्ष सिंह के साथ मिलकर डकैती की योजना बनाई। सचिन कुमार के कमरे में सुशील उपाध्याय, शिवा उपाध्याय, अनुपम राय, देवेंद्र कुमार मिश्रा व दो फरार अभियुक्तों कौढ़िहार के रहने वाले प्रियम और दीपक ने मिलकर डकैती की योजना बनाई थी।

2 लोख कर्ज के रुपए चुकाने को दिया था अंजाम

डकैती से पहले की घर की रेकी

प्रयागराज जोन के क्क्ष् डॉ. राकेश सिंह ने बताया कि फाफामऊ के ग्राम गद्दोपुर के कछार में स्थित जिस घर में डकैती की घटना हुई वह उस छोर का सबसे अंतिम मकान है। उसमें दो भाई उनकी पत्नियां और उनके बच्चे रहते हैं। डकैती की घटना से पहले सभी ने कछार के पीछे से जाकर उस मकान की रेकी की थी। इसके बाद योजनाबद्ध तरीके से सभी ने घर पर धावा बोला। डकैती से पहले सभी ने अपने अपने मुंह पर गमछा बांध लिया और 4 असलहों से घर की दीवार फांदकर 6 लोग घुस गए। दरवाजा खटखटाया तो एक भाई बाहर निकला। उसे गन प्वाइंट पर लेकर अंदर का दरवाजा खुलवाया। अंदर का दरवाजा दूसरे भाई ने खोला तो उसे गन प्वाइंट पर ले लिया। इसके बाद घर में कैश, ज्वैलरी, कार, बाइक और बुलेट लेकर फरार हो गए।

पीड़ित ने कहा बुलेट छोड़ तो छोड़ दिया

डकैती के बाद जब सब कार, बाइक और बुलेट लेकर भागने लगे तो राम कुंमार पांडेय ने कहा कि दोनों में से एक दो पहिया वाहन छोड़ दो। तो सचिन ने पूछा-क्या छोड़ दूं। राम कुमार ने कहा बुलेट। इतने में कुछ दूर जाकर बदमाशों ने बुलेट छोड़ दी। मौके से कार, बाइक और डकैती का सामान लेकर फरार हो गए।

ये सामान हुआ बरामद

डकैतों के पास से लूट के 7000 रुपए, एक कार, एक बाइक, 3 सोने की चेन, एक अंगूठी, एक लॉकेट, दो मोबाइल, प्रिंटर, चोरी का गैस सिलेंडर, दो बड़ी हथौड़ी, एक कटर, दो सूजा, दो प्लास, 3 तमंचा, छह जिंदा कारतूस बरामद हुआ है।

जल जीवन मिशन के तहत किया गया प्रशिक्षित

अखंड भारत संदेश

करछना। गुरुवार को करछना ब्लॉक सभागार में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत दो दिवसीय खंड स्तरीय फिटर के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मेरापथ एजुकेशन लिमिटेड और सहयोगी संस्था इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल एक्शन द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर प्रवीण कुमार बिंद, सिद्धार्थ द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया। ट्रेनर प्रवीण कुमार बिंद ने कहा जल जीवन मिशन परियोजना भारत सरकार और राज्य सरकार के सहयोग से देश के प्रत्येक गांव में हर घर के लिए चलाई जा रही है। जिसका मुख्य उद्देश्य है कि हर घर में स्वच्छ जल उपलब्ध हो। जिसको लेकर हर ब्लाक स्तर पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जहां प्रशिक्षण कार्यक्रम में दूषित पेयजल से होने वाली बीमारियों जैसे पीलिया, कालरा, कैंसर, दस्त, बुखार ,हड्डी रोग, कुपोषण चर्म रोग तथा जल दोहन करने से पानी के संकट, पानी में रसायन आयरन, फ्लोराइड, क्लोरीन आदि जांच करने के संबंधित जानकारी दी गई। जिस मौके पर बृजेश कुमार बिंद, धीरेंद्र द्विवेदी, डीएस राजपूत, धीरेंद्र तिवारी, उमाकांत पटेल, विनोद कुमार बिंद, राकेश सिंह, शिवचंद्र आदि लोग मौजूद रहे।

भागवत कथा श्रवण मात्र से पापों से मुक्ति मिलती है - श्रीधराचार्य महाराज

अखंड भारत संदेश

जंघई। आशीर्वाद गेस्ट हाऊस जंघई बाईपास प्रांगण में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में दूसरे दिन श्री अयोध्या धाम से पधारे जगद्गुरु स्वामी रामानुजाचार्य श्रीधराचार्य महाराज ने कहा कि भागवत कथा श्रवण मात्र से पापों से मुक्ति मिलती है कहा जिस स्थान पर कथा होती है वहां भगवान विराजमान होते हैं। भगवन नाम के जाप से सारे विपत्ति नाश हो जाते हैं।

इस जगत में भगवत कृपा के बिना कुछ भी संभव नहीं है मनुष्य को समाज में अच्छे काम करना चाहिए। भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है की कर्म ही प्रधान है, बिना कर्म कुछ संभव नहीं होता है, जो मनुष्य अच्छा व सत्कर्म करता है उसे अच्छा फल मिलता है व बुरे कर्म करने वाले को हमेशा बुरा फल मिलता है।इसलिए सभी को अच्छे कर्मो के प्रति आकृष्ट होना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक मार्ग दमन का है तो दूसरा उदारीकरण का दोनों ही मार्गो में अधोगामी वृत्तियां निषेध हैं। जैसे कि गोकर्ण ने कथा कही, किन्तु उसके दुराचारी भाई धुंधकारी ने मनोयोग से उसे सुना तो मोक्ष प्राप्त हो गया। भागवत कथा एक ऐसा अमृत है कि इसका जितना भी पान किया जाए आत्मा तृप्ति नहीं होती है भागवत कथा सुनते ही ज्ञान और वैराग्य जाग जाए। इस अवसर पर मुख्य यजमान रामेश्वर प्रसाद ऊमरवैश्य, मीरा देवी, कामता प्रसाद, राधेश्याम तिवारी, शिवधारी दुबे, मिलन दुबे, राजू भाईसाहब, डॉ एसके तिवारी,

मनोज दुबे, प्रदीप कुमार, महेंद्र जायसवाल, धर्मराज तिवारी, विवेक कुमार जायसवाल, राजन जायसवाल, सुभाष चन्द्र गुप्ता, भरत लाल, मनीष, आशीष, कान्हा, किशन, शिवांश, शिवाय, कार्तिक, सावन, शुभ, श्रेयांश, श्याम सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

घर के दूसरी मंजिल पर कमरे में मिली वृद्ध की लाश

शव से आ रही थी बदबू घर में मौजूद था छोटा बेटा

अखंड भारत संदेश

झूंसी। स्थानीय थाना क्षेत्र के आवास विकास कॉलोनी योजना दो में एक बेटा अपने पिता के शव के साथ कई दिनों से रह रहा था। वृद्ध के साथियों ने उसके गायब होने की सूचना गुरुवार को पुलिस को दी तो घर पहुची पुलिस ने कमरे से वृद्ध की लाश बरामद की लाश से बदबू आ रही थी बेटा तीसरी मंजिल पर मौजूद था। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज बेटे से पूछताछ कर रही है। चर्चा है कि महीने भर पहले बेटे ने वृद्ध को बहुत बुरी तरह पीटा था।

आवास विकास योजना दो झूंसी के एचआईजी कॉलोनी निवासी नकुल दत्त शर्मा 75 इफको से रिटायर्ड कर्मचारी हैं। उनके दो

बेटे हैं पहला समर जो दिल्ली में रहता है दूसरा सागर जो के पिता के साथ झूंसी स्थित मकान में रहता था। पत्नी शोभना शक्ति बड़े बेटे के साथ दिल्ली में है। नकुल दत्त शर्मा सुबह शाम टहलने आते थे और हम उम्र कुछ लोगों के साथ चाय की दुकान पर बैठते थे बताया जाता है कि तीन-चार दिनों से उनका कुछ अता-पता नहीं चल रहा था तो साथ में बैठने वालों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस नकुल दत्त शर्मा के घर पहुंची तो घर से बदबू आ रही थी तलाशी के दौरान घर की दूसरी मंजिल में पीछे वाले कमरे में बिस्तर पर नकुल शर्मा की लाश पड़ी हुई थी। वहीं तीसरी मंजिल के कमरे में बेटा सागर भी मौजूद था। सागर मानसिक रूप से विक्षिप्त बताया जा रहा है। महीने भर पहले सागर ने अपने पिता नकुल दत्त शर्मा को बेरहमी से पीटा था। पुलिस मृतक के बड़े बेटे समर व पत्नी को सूचना देकर शव को पीएम के लिए भेज दिया। अब पुलिस को पीएम का इंतजार है कि नकुल दत्त शर्मा की मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई।

विद्यालय में विधार्थियों को यातायात नियमो के बारे में बता रही पुलिस

अखंड भारत संदेश

मऊआइमा। इन दिनों मऊआइमा पुलिस विभिन्न विद्यालयो में जाकर विधार्थियों को यातायात नियमों को बता रही है। मऊआइमा के ग्राम बांकाजलालपुर में स्थित के एल मौर्या पब्लिक इंटर कालेज में कालेज में सडक सुरक्षा अभियान के तहत विधार्थियों को उप निरीक्षक सच्चिदानंद यादव ने सडक याता यात नियमों और सडक सुरक्षा के बारे में विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य विनीत कुमार ,कांस्टेबल राम करन ,कांस्टेबल दिनेश कुमार के अलावा कन्हैयालाल लाल गुप्ता ,सुनील कुमार , दिलीप कुमार ,सुरेश कुमार ,राकेश कुमार ,सन्तोष कुमार ,अंजू ,पविता आदि समस्त शिक्षकगण मौजूद थे।

यातायात नियमों के प्रति किया गया जागरूक

मेवालाल की बगिया चौराहे पर चला अभियान लोगो में रहा कौतूहल, बाइक सवारों ने बदला रास्ता

अखंड भारत संदेश

नैनी। क्षेत्राधिकारी करछना अजीत सिंह चौहान और नैनी थाना प्रभारी बृजेश सिंह के द्वारा मेवालाल बगिया और सब्जी मंडी पर चलाया गया चेकिंग अभियान और यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर कार एवं बाइक सवारों को रोककर यातायात नियमों के प्रति सचेत किया गया और वाहनों की चेकिंग की गई । पुलिस सूत्रों के अनुसार यातायात माह के अंतर्गत लोगों को बाइक पर हेलमेट लगाकर चलने की हिदायत दी गई और कार चालकों को नियंत्रित गति सीमा में वाहन चलाने की समझाया गया। इस मौके पर नैनी थाना एसएसआई अजय कुमार सिंह,अमित सिंह,सुरेंद्र सिंह, फुल मंडी चौकी इंचार्ज उमेश यादव जेल रोड चौकी इंचार्ज सुमित त्रिपाठी नैनी थाना पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

एसओ शंकरगढ़ ने वाहन से उतरवाई काली फिल्म, हूटर बजाना पड़ा भारी

राजा कमलाकर,सेंट जोसेफ समेत कई स्कूल के बच्चों को किया जागरुक

अखंड भारत संदेश

शंकरगढ़। यातायात जागरुकता माह के दौरान जनपद की पुलिस लोगों को जागरुक करने में लगी हुई है। इस दौरान वाहनों की चेकिंग के साथ-साथ क्षेत्रीय विद्यालयों में बच्चों को जागरुक किया जा रहा है। एसओ शंकरगढ़ ने नगर पंचायत शंकरगढ़ के प्रमुख चौराहों पर वाहनों की जांच करवाई, इस दौरान वाहनों से काली फिल्म और हूटर उतरवाए गए। इस दौरान पांच दर्जन से अधिक वाहनों का चालान किया। यातायात जागरुकता माह नवंबर के दौरान चलाए गए अभियान के दौरान शंकरगढ़ पुलिस ने 600 से अधिक वाहनों का चालान किया है।

एसओ शंकरगढ़ मनोज कुमार सिंह की अगुवाई में पुलिस टीम ने

शंकरगढ़ कस्बे के साथ शिवराजपुर, कपारी,रानीगंज,पटहट रोड समेत इलाके में सुबह और शाम के वक्त चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान कई वाहनों से काली फिल्म और हूटर उतरवाया गया। इसके अलावा कई वाहन चालकों को बिना हेलमेट के चालान का सामना करना पड़ा। एसओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि तमाम जागरुकता के बाद भी लोग अपने जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं। बिना हेलमेट दुपहिया चला रहे हैं, इसके अलावा तीन सवारी भी चल रहे हैं। इसे लेकर लोगों को जागरुक किया जा रहा है। बताया कि गुरुवार को चलाए गए अभियान के दौरान पांच दर्जन वाहनों का चालान किया गया।

दूसरी तरफ क्षेत्र के सेंट जोसेफ में जागरुकता अभियान चलाया गया। इस दौरान बच्चों को यातायात के विभिन्न संकेतांकों की जानकारी देते हुए ट्रैफिक सिग्नल, ट्रैफिक रूल्स की विस्तार से जानकारी दी गई। बच्चों से अपील की गई कि वह लोग अपने घरवालों और आसपास के लोगों को भी ट्रैफिक रूल्स का पालन करने के प्रति जागरुक करें। एसओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि यातायात नियमों का पालन न करने की वजह से ज्यादातर हादसे होते हैं, इसके अलावा हेलमेट न लगाने, सीटबेल्ट न बांधने की वजह से 70 फीसद लोग काल-कवलित हो जाते हैं। इस अभियान के दौरान एसओ के साथ उपनिरीक्षक ऋतुराज सिंह, उपनिरीक्षक अमरेंद्र सिंह समेत तमाम पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

पुलिस महानिरीक्षक ने यातायात एवं साइबर सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

अखंड भारत संदेश

करछना। भारतीय महिला ग्रामोद्योग संस्थान एवं प्रयागराज पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में करछना के बीएमजी डिग्री कॉलेज बघेडा में यातायात जागरूकता एवं साइबर सुरक्षा कार्यक्रम बृहस्पतिवार को आयोजित हुआ। जिसमें यातायात जागरूकता से संबंधित लोगों में अनेक गुर बताए गए। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे पुलिस महा निरीक्षक डॉ राकेश सिंह ने यातायात जागरूकता से संबंधित अनेक जानकारी देते हुए बताया कि गाड़ी चलाते समय चालक को हेलमेट लगाने एवं सीट बेल्ट पहनने की हिदायत भी दी। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश पांडेय व पुलिस अधीक्षक यमुनापार सौरभ दीक्षित तथा पुलिस अधीक्षक यातायात अरुण दीक्षित ने यातायात के सभी नियमों के पालन करने को जरूरी बताया ।

वही साइबर थाना प्रयागराज के जय प्रकाश सिंह ने साइबर अपराध से सुरक्षित रहने के उपायों की जानकारी भी मौजूद छात्र - छात्राओं सहित लोगों में दी ।इसके पूर्व विद्यालयी छात्र व छात्राओं की ओर से यातायात जागरूकता की रैली भी निकाली गई । रैली को मुख्य अतिथि की ओर से हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया गया । जिसमें तख्तियो में लिखे स्लोगन से लोगों को भ्रमण करके जागरूक करने की अपील भी की गई। इसके साथ ही साथ अतिथियों की ओर से विद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया गया ।वहीं छात्र व छात्राओं की ओर से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी हुई। इसके अलावा छात्राओं की ओर से बनाई गई रंगोली भी दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बनी रही। रंगोली प्रतियोगिता में अव्वल रही छात्राओं को गोल्डेन पहना कर व प्रशस्ति पत्र सहित शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आयोजक व संयोजक भारतीय महिला ग्रामोद्योग संस्थान के निदेशक एन पी सिंह ने सभी

अतिथियों का माल्यार्पण सहित अंगवस्त्रम भेंट कर व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया । और बताया कि संस्थान 22 वर्षों से सामाजिक क्षेत्रों में महिलाओं की दशा एवं दिशा सुधारने गरीबी उन्मूलन एवं शिक्षा के क्षेत्र में संस्थान अनवरत कार्य कर रहा है। बी एम जी डिग्री कॉलेज बघेडा के प्राचार्य डॉ सत्य प्रकाश शुक्ल व्यवस्थापक धर्मेंद्र सिंह तथा रणविजय सिंह की ओर से सभी अतिथियों के प्रति आभार भी जताया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक के पी सिंह ने ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे कार्यक्रमों के प्रति संस्थान के निदेशक को बधाई देते हुए कार्यक्रम की भूरि- भूरि प्रशंसा भी की । कार्यक्रम का संचालन आकाशवाणी के प्रमोद कुमार द्विवेदी ने किया । इस मौके पर करछना ब्लॉक के पूर्व ब्लाक प्रमुख विजय राज सिंह राजू धर्मेंद्र सिंह रणविजय सिंह डां सच्चा प्रसाद मिश्र डां अनिल कुमार पाठक विजय कुमार मिश्र डॉ श्वेता शुक्ला वंदना बाजपेई सविता शुक्ला प्रधानाचार्य भगवानदास सुरेंद्र प्रताप सिंह अजय पांडेय शिशिन सिंह विनय कुमार सिंह के सहित भारी तादाद में स्कूली छात्र व छात्राएं मौजूद रही।

निःशुल्क मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन

नैनी। इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन के तत्वावधान में देव स्पोर्ट्स पब्लिक स्कूल , बसवार में 20 नवंबर को मेडिकल चेकअप कैम्प का आयोजन किया जा रहा है जो पूर्णतः निःशुल्क है। विद्यालय के निदेशक चन्द्रभान राय के अनुसार इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन के अनुभवी व कुशल डॉक्टरों की टीम विद्यालय प्रांगण में उपस्थित रहेगी रविवार को लगने वाले इस कैंप में डॉक्टर सुबोध जैन डायबिटीज एवं थायरॉइड, सचिव डॉ० आशुतोष गुप्ता, श्वांस रोग विशेषज्ञ।समाजसेवी शिविर संयोजक-डॉ० शार्दूल सिंह सर्जन,डॉ० अशोक अग्रवाल सर्जन,डॉ० सुभाष चन्द्र वर्मा (नाक कान गला रोग विशेषज्ञ),डॉ० युगांतर पाण्डेय, शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ,डॉ० चंद्रशेखर गुप्ता शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ, डॉ० उत्सव सिंह, जनरल फिजिशियन व टीकाकरण, डॉ० विनीता मिश्रा, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, डॉ० मोना दुबे, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ रोगियों को आवश्यक सलाह देगे।

सारंग महोत्सव के पहले दिन बही लोक रंग की बयार

शिव की आराधना से हुआ दो दिवसीय सारंग महोत्सव का आगाज

अखंड भारत संदेश

घूरपुर। अति प्राचीन शिव मंदिर सारंगापुर में आयोजित सातवें दो दिवसीय सारंग महोत्सव की शुरूवात भगवान शंकर के रुद्राभिषेक से हुई। इस मौके पर डॉ अंकिता मालवीय और प्रिया द्विवेदी के लोक गीतों को सुनकर श्रोता मंत्र मुग्ध हो गए।

सारंग महोत्सव का प्रथम दिन लोक गायनए सूफी गायन और बॉलीवुड गायन और नृत्य के नाम रहा। हिमानी रावत ने शिव पंचाक्षर. नागेन्द्रहाराय त्रिलोचनाय भस्मान्गारागाय नमः शिवाय पर कथक नृत्य करके सांस्कृतिक कार्यक्रम का आगाज किया। उनके दल ने सूफी कथक. मुर्शिद खेले होली पर भी मनमोहक प्रस्तुति दी। अनुश्री नृत्य दल प्रयागराज ने कालबेरियाए झूमर और पारंपरिक नृत्यों से महोत्सव को ऊंचाइयां प्रदान किया तो वहीं

सारेगामा शो के प्रतिभागी कृतार्थ भारती और शियाट्स के अनुराग राज ने बॉलीवुड तो आयुषी राय ने सूफी गानों से शमा बांधा। महोत्सव में इस बार प्रदर्शनी भी लगाई गई थी जिसमे राजकीय अभिनव विद्यालय दांदूपुरए राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय दांदूपुरए जेण्पीण्एस पब्लिक स्कूल दांदूपुर सहित समदरिया स्कूल ऑफ स्पेशल एजुकेशन के छात्र.छात्राओं ने प्रदर्शनी में चार्ट एवं मॉडल के माध्यम से जल संरक्षणए मृदा संरक्षणए प्रदूषण से बचावए जनसंख्या नियंत्रणए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओए आत्म निर्भर भारतए आजादी का अमृत महोत्सव सहित दर्जनों जन जागरुकता वाले विषयों को चार्ट और मॉडल के माध्यम से प्रस्तुत किया।

जिसका अवलोकन खंड शिक्षा अधिकारी चाका कैलाश सिंहए प्रधानाचार्य अभिनव विद्यालय डॉ आरण्डीण शुक्ला ने किया। महोत्सव में परिचर्चा भी रखी गई थी जिसमे भाग लेते हुए बलभद्र आर्गेनिक फॉर्म के निदेशक अखिलेश कुमार मिश्रए यूनाइटेड विश्वविद्यालय के कृषि विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर भास्कर दुबेए कृषि तकनीकी सहायक रिचा तिवारी एवं शियाट्स के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ देवी सिंह ने कृषि एवं गांव की आत्मनिर्भरता पर विचार रखे। महोत्सव के प्रथम दिन बतौर मुख्य अतिथि अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन प्रेम प्रकाश एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्र उपस्थित रहे। महोत्सव के आयोजक एवं संयोजक शरद कुमार मिश्र ने सभी अतिथियों का बुकेए अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत करते हुए महोत्सव के प्रयोजन एवं इतिहास पर प्रकाश डाला।

मंच का कुशल संचालन अमित कुमार श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर महोत्सव के संरक्षक पूर्व प्रधान सारंगापुर दिलीप कुमारए मार्गदर्शक डॉ

समाजशेखरए प्रमोद बंसलए हसन नकवीए रवि भूषणए गोकरन पाण्डेयए वर्षा मिश्राए ऋतु शुक्लाए रुचि द्विवेदीए सपना गौड़ए परमेंद्र कुमारए बिजेंद्र कुमारए नोएल बेंजमिनए आकाश मौर्या आदि उपस्थित रहे।

किए गए सम्मानित

डॉ अंकिता चतुवेर्दीए भूपेंद्र शुक्लाए डॉ अरुण कुमार मिश्रए संदीप द्विवेदीए सत्य प्रकाश मिश्र ष्मिश्र बंधुष्ए नमिता सिंहए आमिर खानए ओंकार नाथ तिवारी को अवध गौरव सम्मान तो पंडित रत्नेश दुबे को भजन सम्राट के सम्मान से किया गया सम्मानित।

शनिवार को होगी इंदिरा मैराथन, पूर्व चैंपियन धावक भी लेंगे हिस्सा

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाली इंदिरा मैराथन का 37वां संस्करण शनिवार को होगा। बृहस्पतिवार को मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में स्थित क्षेत्रीय खेल कार्यालय में जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने प्रेसवार्ता करते हुए आयोजन से जुड़ी तैयारियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मैराथन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है, मैराथन को जिला प्रशासन व खेल विभाग बेहद भव्य बनाएगा।कहा कि यह शहर का प्रमुख आयोजन है, इसमें किसी भी तरह की कोई कमी किसी भी स्तर पर नहीं होगी। उनके साथ प्रेसवार्ता के दौरान क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी विमला सिंह, रुस्तम खान व देवी प्रसाद समेत खेल कार्यालय के कई अधिकारी मौजूद रहे, जिन्होंने आयोजन से जुड़ी तैयारियों के बारे में जानकारी दी।

इस रूट पर होगी मैराथन

इंदिरा मैराथन के रूट में कोई भी बदलाव नहीं किया गया है। यह प्रतियोगिता पिछले साल के रूट पर ही आयोजित होगी। मैराथन की शुरूआत आनंद भवन से होगी, जिसके बाद स्वराज भवन, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, आयुक्त आवास, एसीसी हेड क्वार्टर, आर्मी रेड ईगल स्टेडियम, महर्षि पतांजलि, ट्रैफिक लाइन, म्योहाल चौराहा, धोबीघाट चौराहा, एजी भवन, बार काउंसिल, पोलो ग्राउंड, हाईकोर्ट, अंबेडकर चौराहा, पत्थर गिरजाघर, सुभाष चौराहा, हनुमान मंदिर चौराहा, मेडिकल चौराहा, सीएमपी डाटपुल, चुंगी, बैहराना चौराहा, नया पुल से होते हुए रीवां रोड पर पहुंचेगी। रीवा रोड पर धावक दौड़ते हुए दांदूपुर स्थित भारत पेट्रोल पंप तक पहुंचेंगे, जहां से वापसी होते हुए धावक पुनः नए यमुना पुल व हनुमान मंदिर चौराहे तक उसी मार्ग से आएंगे और सेंट जोसेफ स्कूल के सामने वाले चंद्रशेखर आजाद पार्क के प्रमुख द्वार (गेट संख्या-1) से प्रवेश कर स्टेडियम का एक चक्कर लगाकर दौड़ को पूरा करेंगे।

नौ लाख सत्तर हजार रुपए का नकद मिलेगा इनाम

मैराथन के विजेता धावकों को खेल विभाग की ओर से नकद पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। मैराथन में पहले स्थान पर आने वाले पुरुष व महिला धावक को दो-दो लाख रुपए, द्वितीय स्थान पर आने वाले धावकों को एक-एक लाख रुपए और तीसरे स्थान पर आने वाले धावकों को 75-75 हजार रुपये का नकद इनाम दिया जाएगा। इसके साथ ही चौथे स्थान से लेकर 14वें स्थान तक के धावकों को सांत्वना राशि के तहत दस-दस हजार रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। यह कुल राशि नौ लाख सत्तर हजार रुपए है।

स्टेडियम में मिलेगी पल-पल की जानकारी

मैराथन में कौन सा धावक आगे चल रहा है और पिछले विजेता खिलाड़ियों की क्या स्थिति है, इसकी जानकारी स्टेडियम में खेलप्रेमियों को माइक के माध्यम से बताया जाता रहेगा। जिससे दर्शकों का उत्साहवर्धन होगा और वह पूरी मैराथन से खुद को जुड़ा हुआ पाएंगे।

हर धावक पर होगी पैनी नजर

मैराथन में दौड़ने वाले हर धावक पर खेल विभाग की पैनी नजर रहेगी। इसके लिए हर धावक को इलेक्ट्रानिक चिप व बिब नं. शुक्रवार को प्रदान कर दी जाएगी। धावक की दौड़ पूरी होने पर इलेक्ट्रानिक चिप के सहारे उनकी दूरी और बिब नं. पर हर चेक पोस्ट पर अंकित किए गए रिकार्ड से उनका मिलान किया जाएगा। ऐसे में कोई भी धावक बीच रास्ते से वापस नहीं आ सकेगा।

रिजर्व बैंक आफ इंडिया का जागरूकता अभियान कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। विकास खंड जसरा प्रयागराज में आरबीआई के जन जागरूकता अभियान के तहत टाउन हॉल मीटिंग ग्राहक आउटरीच प्रोग्राम का आयोजन अनिल कुमार सिंह अग्रणी बैंक जिला प्रबंधक प्रयागराज की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

उक्त कार्यक्रम में सहायक अग्रणी जिला प्रबंधक संयुक्त प्रबंधक वित्तीय साक्षरता परामर्शदाता प्रयागराज शाखा के सभी स्टाफ शाखा प्रबंधक बीसी सखी संभ्रांत ग्राहक, किसान, विद्यार्थी, व्यवसायिक तथा अन्य ग्राहक गणों ने भाग लिया। जिसमें ग्राहक आउटरीच प्रोग्राम के तहत रिजर्व बैंक के प्रतिनिधि के रुप में रमेशचंद्र सरोज वित्तीय साक्षरता परामर्शदाता प्रयागराज द्वारा जागरूक किया गया। ज्ञात हो कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा नेशनल अवेयरनेस प्रोग्राम 1 नवंबर से 30 नवंबर तक मनाया जा रहा है । इसी के परिपेक्ष में जसरा कस्बा विकासखंड जसरा प्रयागराज में लोगों को रिजर्व बैंक द्वारा उपलब्ध पंपलेट को बांट कर के सतर्क किया गया तथा रिजर्व बैंक द्वारा निर्देशित तमाम प्रकार के ग्राहकों के लिए सावधानी बरतें तथा अपने गाढ़ी कमाई का धनराशि को बचाएं जाने की अपील की गई। और आह्वान किया गया जिससे खाते धारक अपने तथा देश के विकास में अपना धन लगाएं क अगर किसी ग्राहक को शिकायत का निवारण ग्राहक अधिकार और सुरक्षित बैंकिंग प्रथाओं पर किसी प्रकार के उनके साथ या उनके खाते में आर्थिक धोखाधड़ी होती है तो कृपया आरबीआई के पोर्टल ँ३३स्त्र२:/ ्र२.१ु.ङ्ग९.ल्ल पर एवं टोल फ्री नंबर 14448 पर मिस कॉल करके आप अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है। अंत में सहायक जिला अग्रणी प्रबंधक प्रयागराज बिलाल अहमद के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ ही टाउन हॉल मीटिंग कस्टमर आउटरीच कैंप का समापन किया गया।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में धान क्रय केन्द्रों की तैयारियों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

28 फरवरी, 2023 तक धान क्रय केन्द्रों पर की जायेगी धान की खरीद

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज । जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में गुरूवार को संगम सभागार में धान क्रय केन्द्रों की तैयारियों की समीक्षा बैठक की गयी। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने सभी क्रय केन्द्रों के प्रभारियों को निर्देशित किया कि किसानों को कोई समस्या न आये तथा जब भी समय दे, उस समय उनका धान खरीद सुनिश्चित किया जाये।

धान क्रय केन्द्रों पर 28 फरवरी, 2023 तक धान की खरीद की जायेगी। उन्होंने खान खरीद की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिए जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि क्रय केन्द्रों पर पूरी पारदर्शिता रहे, उसके लिए एक नियंत्रण कक्ष बनाया जायेगा तथा ट्रोल फ्री नं0 दिया जायेगा, उस पर भी सम्पर्क कर सकते है। तहसील स्तर पर धान खरीद हेतु उपजिलाधिकारी को नोडल नामित किया गया है। धान खरीद की सम्पूर्ण प्रक्रिया आनलाइन होगी। खरीद के पूर्व खाद्य विभाग के पोर्टल पर किसान द्वारा पंजीकरण कराया जायेगा। पंजीकरण हेतु आधार संख्या तथा आधार में पंजीकृत मोबाइल नम्बर अनिवार्य है। मोबाइल नं0 पर प्राप्त ओटीपी के आधार पर ही पंजीकरण होगा।

पंजीकरण के पश्चात संबंधित तहसील के उपजिलाधिकारी के लागइन से किसान के नाम मिसमैच, गाटा, रकबा तथा उत्पादित मात्रा का सत्यापन किया जायेगा। संवेदनशील केन्द्रों पर विशेष नोडल नामित किये जायेंगे। सभी क्रय केन्द्रों, भण्डारण डिपो तथा राइस मिलों की जियो टैगिंग कर दी गयी है।

खरीद के पश्चात आधार से लिंक बैंक खाते में ही पी0 एफ0 एम0 एस0 के माध्यम से भुगतान किया जायेगा। हाईब्रिड बीज के खरीद के लिए अधिकृत विक्रेता द्वारा बिक्री की गयी बीज की रसीद की मूलप्रति केन्द्र पर लाना होगा। अधिकृत सम्पूर्ण खरीद ई-पॉप मशीन से किसानों के बायामैट्रिक प्रमाणीकरण द्वारा किया जायेगा। बैठक में एडीएम नागरिक आपूर्ति, डिप्टी आरएमओ विपिन कुमार सहित सभी सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में रोजगार मेले का आयोजन 21 नवम्बर को

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय द्वारा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, नैनी, प्रयागराज परिसर में दिनांक 21.11.2022 को प्रातः 10:00 बजे एक वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। इस मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न कम्पनियों ब्राइट फ्यूचर आर्गेनिक हर्बल्स एण्ड आयुर्वेदिक प्रा0लि0, कैरियर ब्रीज स्किल साल्यूशन, एल0आई0सी0 आफ इण्डिया, डस्की स्टलेन कनसलटेंसी सर्विस प्रा0लि0, नवभारत फटीर्लाइजर, जी0 4 एस0 सिक्योर साल्यूशन प्रा0लि0, सिवाशक्ति बॉयोटेक्नालाजी लि0, पुखराज हेल्थकेयर प्रा0लि0 एवं गोल्डेन फार्मा आर्गेनिक एग्रीकल्चर प्रा0लि0 इत्यादि द्वारा विभिन्न पदों पर चयन की कार्यवाही की जायेगी। इस मेले में 18 से 45 वर्ष की आयु सीमा के हाई-स्कूल/इण्टर/स्नातक/परास्नातक/डिप्लोमा/आई0टी0आई0 उत्तीर्ण अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। अभ्यर्थी रिक्तियों से सम्बन्धित विस्तृत विवरण सेवायोजन पोर्टल पर प्राप्त कर सकते है इस हेतु यात्रा भात्ता देय नहीं होगा ।

दो दिवसीय ग्रामस्तरीय गंगा दूतों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित, वितरित हुआ प्रमाण पत्र

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। नमामि गंगे में युवाओं की सहभागिता परियोजना के अंतर्गत 2 दिवसीय ग्रामस्तरीय गंगा दूतो का प्रशिक्षण का आयोजन तिलक इंटर कॉलेज कोटवा प्रयागराज में किया गया। प्रथम दिवस कार्यक्रम पर जिला परियोजना अधिकारी एशा सिंह ने युवाओ नमामि गंगे परियोजना मे युवाओ की सहभागिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

गंगा की जैव विविधता एवं उसके संरक्षण पर चर्चा की ' शिक्षक सुधाकर सिंह ने कहा गंगा नदी ना केवल हमे जल देती है बल्कि रोजगार का अवसर भी देती है और जय शंकर प्रसाद सिंह ने कहा हम सभी को मिल कर गंगा स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी का निर्वाहन करना होगा एवं गंगा किनारे की स्वच्छता में सहायक बने ' राज्य प्रशिक्षक राम अवध कुशवाहा ने नेहरू युवा केंद्र संगठन के कार्यो और संगठन , जल संसाधन के बारे में जानकारी दी ' नुक्कड़ नाट्य अभिनय संस्थान से ट्रेनेर नीतीश ने नुक्कड़ नाटक, कहानी वचन के माध्यम से गंगा स्वच्छता के विषय पर बहुत ही रचनात्मक तरीके से गंगा दूतों को बताया।

दूसरे दिवस स्वच्छ भारत मिशन के डिविजनल सलाहकार अरुण कांत वर्नवाल ने कचरा प्रबंधन : पर्यावरण को बचाने की कारगार पहल पर चर्चा की तथा वर्तमान समय में बढ़ता हुआ ठोस कचरा, ठोस कचरे के प्रबंधन के लिए कार्यो पर विस्तार से जानकारी साझा की ' समापन मे जिला परियोजना अधिकारी द्वारा गंगादूतों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में गंगादूत पूजा, स्वयं सेवक रोहित, सागर का अहम योगदान रहा '

प्रभु का मिलन व विरह दोनों ही अलौकिक

सहसों। क्षेत्र के हेतापट्टी गांव में सप्त दिवसीय संगीत मय चल रही भागवत कथा में कथा व्यास सच्चा बाबा आश्रम से पधारे डा सूर्य नारायण त्रिपाठी ने श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराते हुए उन्होंने कहा प्रभु का मिलन व विरह दोनों ही दिव्य अलौकिक होता है। भगवान एवं जीवात्मा का नित्य योग होने से मिलन एवं विरह होते हैं जो भगवान स्वरूप होते है। भगवान श्री कृष्ण गोपियों के माध्यम से प्रेम की परीक्षा के लिए अचानक अंतर्ध्यान हो गए तब गोपियां विरह में पागल सी होकर विलाप करने लगी हैं। जो जीवात्मा व परमात्मा के मिलन की अभिव्यक्ति है।

कथा व्यास ने श्रोता भक्तों को श्रीमद् भागवत कथा में भगवान की बाल लीला, वृंदावन लीला,गोवर्धन लीला आदि प्रसंगों पर सारगर्भित कथा का उपस्थित लोगों को रसपान कराया। इस अवसर पर मुख्य यजमान भोला सिंह व्यासपीठ तथा आवा हित देवताओं की आरती उतारी तत्पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर छोटेलाल सिंह,देवी प्रसाद सिंह, मुन्नू सिंह, चंद्रभान सिंह आदि उपस्थित रहे।

छप्पर में आग लगने से गृहस्थी का सामान जल कर राख हो गया

करछना। थाना क्षेत्र के डीहा बगरहा गांव में हौसला प्रसाद यादव के घर के बाहर छपरे मे लगी आग से छपरे में रखा सामान जलकर राख हो गया है मौके पर मौजूद लोगों ने आग पर काबू पाया जानकारी के अनुसार हौसला प्रसाद यादव पुत्र पिता का स्व बसंत लाल यादव के घर लगें छप्पर में अचानक आग लग गई,आग की लपटे देख कर आसपास के लोगों ने अपने घरों बाल्टी से पानी लाकर आग बुझाई जब तक लोग आग काबू पाया तब तक छप्पर रक्खा गृहस्थी का सामान जल कर राख हो गया।

द कलर्स फाउंडेशन ने मनाया सड़क सुरक्षा अभियान

अखंड भारत संदेश

झूंसी। यातायात माह के अन्तर्गत सड़क सुरक्षा अभियान के तहत द कलर्स फाउंडेशन एवं थाना झूंसी के सहयोग द्वारा झूंसी के विभिन्न विद्यालय एवं जगहों पर विचार गोष्ठी एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जन - जन कों जागरूक किया गया।

गुरुवार को आवास विकास योजना 3 स्थित सेंट्रल एकेडमी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान क्षेत्राधिकारी दारागंज आस्था जायसवाल ने कहा की हमें यातायात नियमों का सदैव पालन करना चाहिए क्योंकि आपकी एक गलती गई जिंदगीयों कों बर्बाद कर सकती हैं। इस लिये सजग रहे सुरक्षित रहे और नियमों का पालन अवश्य करें। थानाध्यक्ष वैभव सिंह ने भी क्षेत्र के नागरिकों से ट्रैफिक नियमों का पालन करने की अपील किया। इस दौरान नुक्कड़ नाटक के माध्यम से छात्र-छात्राओं को यातायात के प्रति जागरुक किया गया। नुक्कड़ नाटक में प्रियांशु अमन, वैभव त्रिपाठी,आर्यन सिंह, आर्यन सिंह सोमवंशी, निर्देशन रूचि गुप्ता एवं सहनिर्देशन अंकित सिंह यादव ने किया। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ उपनिरीक्षक बीएन पांडेय, उपनिरीक्षक नवीन कुमार सिंह, उप निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार यादव, उप निरीक्षक सचिन कुमार गुप्ता, हेड कांस्टेबल अशोक कुमार यादव आदि लोग उपस्थिति रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत भटपुरा विकास खण्ड शंकरगढ़, प्रयागराज

अल्पकालीन निविदा

मनरेगा/राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत 2022–23 में निम्नलिखित निर्माण कार्यो को कराने हेतु ग्राम पंचायत भटपुरा में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदाएं सील बन्द लिफाफे में अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 18.11.2022 से 03.12.2022 को सायं 2 बजे तक आमंत्रित की जाती है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी निविदा पर विचार नही किया जायेगा। नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय में कार्य दिवस में देखी जा सकती है। एक व समस्त निविदा को निरस्त करने का अधिकार ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत भटपुरा को होगा। निविदा दिनांक 03–12–2022 को सायं 4 बजे गठित समिति के समक्ष खोली जायेगी। निविदा अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय से कार्यदिवस में प्राप्त की जा सकती है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	कार्य की लागत (लाख में)	निविदा मूल्य	धरोहर की धनराशि	निर्माण कार्य की अवधि
1	जी.पी. भटपुरा में श्रीनाथ के घर से मुन्ना कप्सा के घर तक पक्की नाली का निर्माण	302365.00			15 दिन

नोट: अनुमानित लागत तकनीकी/वित्तयी स्वीकृत के आधार पर घट–बढ़ सकता है।

शंकर लाल पाण्डेय
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत भटपुरा
विकास खण्ड शंकरगढ़, प्रयागराज

गौरी शंकर
(सचिव)
ग्राम पंचायत भटपुरा
विकास खण्ड शंकरगढ़, प्रयागराज

पत्रांक : मेमो/मनरेगा/राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त/निविदा–2022–23 दिनांक

कार्यालय नगर पालिका परिषद, मंझनपुर, कौशाम्बी

विज्ञप्ति

सेप्टेज प्रबन्धन के अन्तर्गत समस्त ऐसे भवन स्वामी जिनके शौचालय सीवर लाइन से संयोजित नही हैं एवं सेप्टिक टैंक से संयोजित हैं, को खाली कराये जाते समय सरकार द्वारा निर्धारित नियमों के तहत कार्यवाही निम्नानुसार अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करेंगे :– (1) सेप्टिक टैंक को उपभोक्ता द्वारा 3 वर्ष में एक बार खाली कराया जाना अनिवार्य होगा। (2) सेप्टिक टैंक भरने पर तत्काल ही खाली कराया जाना सुनिश्चत करें। किसी भी स्थिति में मल नालियों में प्रवाहित न हो सके। (3) किसी भी स्थिति में श्रमिकों से सीधे सेप्टिक टैंको को खाली न कराया जाय। (4) सेप्टिक टैंक खाली कराते समय निकलने वाले फीकल सल्ज को खुले में न बहायें।

अत: सीधे नगर पालिका परिषद के निम्नलिखित नम्बर 9670746862 पर सम्पर्क कर टैंकरों के माध्यम से सेप्टिक टैंक खाली कराया जा सकता है। टैंक खाली कराये जाने का प्रयोक्ता शुल्क 4000 रूपया प्रति टैंकर निर्धारित है। उपभोक्ताओं / टैंकरों संचालकों द्वारा यदि एकत्रित मल को खुले/नाले में बहाया जाता है तो उस स्थिति में माननीय राष्ट्रीय हरित अभिकरण के नियमों का उल्लंघन मानते हुए प्रथम बार में 5000 रूपया एवं पुनरावृत्ति पर 10000 रूपया तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
मंझनपुर–कौशाम्बी

पत्रांक संख्याः 844 (2)/न.पा.परि.मं./2022 दिनांक 17.11.2022

एम. एस. डी. पब्लिक स्कूल बड़ोखर छठी बार लगातार बना चैंपियन

अखंड भारत संदेश

कोरांव/प्रयागराज। गत बाल दिवस के उपलक्ष्य मे 14 और 15 नवंबर 2022 को आयोजित किया गया प्रतिभा बौद्धिक खोज एवं खेलकूद प्रतियोगिता माँ शिव देवी शिक्षा समिति प्रयागराज उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित एम .एस. डी पब्लिक स्कूल के तत्वाधान में षष्टम वार्षिक प्राथमिक व जूनियर विद्यालय स्तरीय बौद्धिक एवं शारीरिक प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ जिसमें बड़ोखर क्षेत्र के कुल 5 विद्यालयों के 27 प्रतियोगिताओं के लिए लगभग 300 प्रतिभागी 200 पदको के लिए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

जिसमें एम. एस . डी पब्लिक स्कूल ने 17 स्वर्ण 16 रजत और 9 कांस्य के साथ कुल 42 पदक जीतकर ओवर आल चैंपियन बना तथा 9 स्वर्ण 6 रजत 7 कास्य के साथ कुल 22 पदक प्राप्त कर शारदा कान्वेंट उपविजेता रही 1 स्वर्ण 3 रजत 8 कास्य के साथ कुल 12 पदक प्राप्त कर एस .जी .एम पब्लिक स्कूल तृतीय स्थान प्राप्त किया 1 स्वर्ण 2 कांस्य के साथ कुल 3 पदक पदक प्राप्त कर छत्रपति शिवाजी स्कूल चतुर्थ स्थान प्राप्त किया तथा 2कास्य 2 रजत के साथ कुल 4 पदक जीतकर अच्छरधाम प्राथमिक विद्यालय पंचम स्थान पर रही एम. एस ,.डी के भैया गगन तिवारी 3 स्वर्ण 2 रजत के साथ प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए तथा एम.एस.डी के खेल शिक्षक सुधीर केसरी ,आशीष द्विवेदी ,द्रोणाचार्य पुरस्कार के लिए चुने गए। धर्मवीर कुशवाहा (प्रबंधक) एमएसडी श्री हरिश्चंद्र (प्रधानाचार्य) नाथेश्वर तिवारी ,नंदन ,रोहित ,उमाकांत ,कमलाकांत मिश्रा ,कल्पना कुशवाहा , राधा केसरी ,शिव देवी, आसिफ, आशुतोष शुक्ला ,सुनील (प्रधानाचार्य) अक्षर धाम ,जंग बहादुर (प्रधानाचार्य)सीता कुशवाहा ,विजय शंकर शुक्ला ,रामसुपारस, रेशमी, श्वे भीता आदि लोग खेल प्रतियोगिता में व्यवस्थापक की भूमिका अदा किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता धर्मवीर कुशवाहा जी ने किया।

अज्ञात वाहन के टक्कर से बाइक सवार की मौत

नैनी। गुरुवार को सुबह नैनी के जेल रोड के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बाइक सवार युवक की मौत हो गयी। घटना की जानकारी पाकर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिये भेज दिया। अंबेडकर नगर निवासी प्रशांत कुमार पुत्र स्व. प्रमोद कुमार गुरुवार को सुबह अपने बाइक से कही जा रहा था। उसी दौरान नैनी जेल रोड के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल हो गया। घटना की जानकारी पाकर पहुंची पुलिस तो बाइक सवार की मौत हो चुकी थी। घटना पर मृतक के परिजन मौके पर आकर शव को देखकर रोने लगे। पुलिस ने शव को अपने कब्जे मे लेकर पीएम हाउस भेज दिया।

राष्ट्र निर्माण में मीडिया की ऐतिहासिक भूमिका रही: परियोजना निदेशक

अखंड भारत संदेश

राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन

सभागार में आयोजित संगोष्ठी में मौजूद अतिथिगण।

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल के निर्देशन में राष्ट्रीय प्रेस दिवस का आयोजन क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान के सभागार में जिला सूचना कार्यालय एवं उ0प्र0 जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन प्रतापगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्र निर्माण में मीडिया की भूमिका विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गयी। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि के रूप में परियोजना निदेशक डीआरडीए आर0सी0 शर्मा द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

संगोष्ठी में परियोजना निदेशक डीआरडीए ने राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर मीडिया बन्धुओं को हार्दिक शुभकामनाएं दी और राष्ट्र निर्माण में मीडिया की भूमिका विषय पर बोलते हुये कहा कि सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं, विकास कार्यो का आम जनमानस तक पहुँचाने में जितना योगदान प्रशासन का है उससे कहीं ज्यादा योगदान मीडिया बन्धुओं का है। उन्होने कहा कि आप द्वारा जन समस्याओं के संज्ञान में लाने पर प्रशासन द्वारा उस पर कार्यवाही की जाती है, आप शासन, प्रशासन की योजनाओं और कार्यक्रमों के प्रचार प्रसार में निरन्तर सकारात्मक भूमिका निभाते रहते है, इसके लिये हम सब आपके आभारी है। समाज के नकारात्मक पहलू को सामने लाकर आप द्वारा उन्हें सुधारने का सजग प्रयास किया जा रहा है।

राष्ट्र निर्माण में मीडिया की ऐतिहासिक भूमिका रही है, वर्तमान समय में भी मीडिया द्वारा इस कार्य को बखूबी किया जा रहा है। इसके अलावा कार्यक्रम में डा0 पीयूषकान्त शर्मा, डा0 बृजभान सिंह द्वारा संगोष्ठी के विषय को विस्तृत आयाम देते हुये मीडिया के ऐतिहासिक महत्व को वर्णित किया। इसी प्रकार कार्यक्रम में जिला पंचायत राज अधिकारी रविशंकर द्विवेदी एवं वरिष्ठ पत्रकार चिन्तामणि पाण्डेय, सुरेश पाण्डेय, हरिशंकर सैनी, मनोज कुमार तिवारी, अमित शुक्ल, आदित्य मिश्र आदि ने राष्ट्र निर्माण में मीडिया की भूमिका पर अपने-अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार जगत बहादुर सिंह एवं कार्यक्रम का संचालन सन्तोष भगवान द्वारा किया गया। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में जनपद स्तर एवं ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न समाचार पत्रों के सम्पादक, जिला संवाददाता एवं सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

इंटरलाकिंग रोड बनने से ग्रामीणों में खुशी, लोगों की समस्याएं हुई दूर

सिरनाथपुर मेन मार्ग पर इंटरलाकिंग सड़क बनाते राजगीर।

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। गांव का विकास आपसी सामंजस्य और लोगों को मिलाजुला कर काम करने के हुनर को ही सच्चा प्रतिनिधि कहा जाता है। कई समस्याओं और बाधाओं के बीच जब लोगों को सुविधा उपलब्ध होती है तो लोगों में खुशी देखी जाती है। ग्रामसभा छतेड़ी में 90 मीटर की इंटरलॉकिंग तमाम बाधाओं के बाद जब पूरी हो रही है तो ग्रामीणों में खुशी की लहर देखी गई। पट्टी विकास खंड के सिरनाथपुर ग्रामपंचायत के प्रधान रंजीत यादव ने गांव में सिरनाथपुर मेन मार्ग से प्राथमिक विद्यालय होते हुए मुकेश यादव के घर तक 90 मीटर की इंटरलॉकिंग को शासन से पास कराया है। तीन-चार साल से आवागमन में हो रही दिक्कतों एवं काफी अवरोध के बावजूद सभी लोगों को मिलाकर निर्माण कार्य शुरू हुआ जिस पर काम कराना काफी मुश्किल था। लेकिन अपनी सूझबूझ और बेहतर कार्यशैली से रंजीत यादव ने उसे पूरा कर दिखाया। गांव के देवराज यादव, हरिशंकर वर्मा सहित ग्रामीणों का कहना है कि सही प्रतिनिधि हमेशा सही दिशा में सभी लोगों के हित को ध्यान में रखते हुए कार्य करता है। प्रधान रंजीत यादव इस पर खरे उतर रहे हैं। वही इस संबंध में ग्राम प्रधान रंजीत यादव से बात करने पर उन्होंने बताया कि सभी ग्रामीणों का परस्पर सहयोग मिल रहा है। निश्चित रूप से आने वाले भविष्य में सभी के सहयोग से बेहतर से बेहतर कार्य किया जाएगा।

संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, पुलिस को पीएम रिपोर्ट का इंतजार

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। संदिग्ध परिस्थितियों मे युवक की मौत को लेकर गुरूवार को लीलापुर थाना क्षेत्र में हडकंप मच गया। सांगीपुर थाना के सरूआ अकेलिया निवासी कमला प्रसाद वर्मा का पुत्र आदित्य कुमार वर्मा उर्फ शंकर 18 ने लगभग चार माह पूर्व सांगीपुर थाना के ज्ञानीपुर निवासी शिवराम वर्मा की पुत्री अनीता से प्रेम सम्बन्धों के चलते कोर्ट मैरिज कर लिया था। अनीता इसके बाद अपने ननिहाल नया का पुरवा डांडी रमेशर वर्मा के घर आकर रहने लगी। बुधवार की शाम अनीता की नानी ने खेत मे पानी लगा रखा था। अनीता के नाना बीज के लिए अपनी ससुराल गये थे। आदित्य सूरत से सीधे अनीता के पास ननिहाल पहुंचा। वह अनीता को अपने साथ ले जाने की जिद पर अड़ गया। नशे मे होने के कारण अनीता ने आदित्य के साथ जाने से मना कर दिया। इस पर आदित्य पत्नी अनीता के साथ गालीगलौज करने लगा। तब अनीता ने घर का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया और वह सो गयी। रात फिर आदित्य वहां पहुंचा और नशे में अनापशनाप बकने लगा। गुरूवार की सुबह लोगों ने आदित्य का शव दरवाजे के समीप पड़ा पाया। सूचना मिलने पर लीलापुर एसओ विनीत उपाध्याय फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। संदिग्ध दशा में युवक की मौत की जानकारी मिलने पर लालगंज सीओ रामसूरत सोनकर भी वहां पहुंच गये। मृतक के मुंह से झाग निकला हुआ था और शव के पास ही शराब की शीशी भी पड़ी पायी गयी। लोगों में इस बात की आशंका देखी सुनी गयी कि नशे मे होने के कारण आदित्य ने या तो जहर निगल लिया अथवा अत्यधिक नशे के कारण उसकी मौत हो गयी। वहीं कुछ लोग प्रेम सम्बन्धों को लेकर तरह तरह की अन्य आशंकाये भी दबीजुबान से जताते दिखे। लीलापुर पुलिस ने मृतक का शव कब्जे मे लेकर पीएम के लिए भेजवाया है। सीओ रामसूरत सोनकर का कहना है कि पीएम रिपोर्ट में मौत का कारण जहर अथवा शराब का स्पष्ट हो सकेगा। रिपोर्ट मिलने के बाद पुलिस यथावश्यक कार्रवाई करेगी।

शहर के स्कूल, कालेजों व महाविद्यालयों में हुई फागिंग व एंटी लार्वा का छिड़काव

अखंड भारत संदेश

डीएम के निर्देश पर नगर पालिका ने सुबह से ही चलाया अभियान

स्कूल परिसर में फागिंग करती नगर पालिका की गाड़ी।

प्रतापगढ़। नगर पालिका ने आज गुरुवार को शहर के प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, इंटर कालेज व महाविद्यालयों में सघन फागिंग व एंटी लार्वा का छिड़काव किया। यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि डेंगू बुखार से बचाव के लिये जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल द्वारा मिले आदेषों के तहत नगर पालिकाध्यक्ष प्रेमलता सिंह व अधिषाषी अधिकारी मुदित सिंह के निर्देषन में गुरुवार को सुबह से ही नगर पालिका के सफाई कर्मचारी ने दवा का छिड़काव किया।

नगर पालिका ने शहर के एमडीपीजी कालेज, तिलक इंटर कालेज, संत अंथोनी इंटर कालेज, राजकीय इंटर कालेज, राजकीय बालिका इंटर कालेज, प्राथमिक विद्यालय मीरा भवन, प्राथमिक विद्यालय दहिलामऊ उत्तरी में नगर पालिका के कर्मचारी पहुंचकर प्रधानाचार्य की अनुमति लेकर छात्र-छात्राओं को बाहर निकालकर सघन फागिंग तथा एंटी लार्वा का छिड़काव किया। स्कूल कालेजों में नगर पालिका के कर्मचारियों ने टायलेट व नालियों में एंटी लार्वा का छिड़काव किया। बता दें कि शहर व कुछ ग्रामीण क्षेत्रों में डेंगू बुखार से प्लेटलेट्स घटने की षिकायत मिलने पर जिला प्रषासन एलर्ट मोड पर है। शहर के अलावा टाउन एरिया और ग्रामीण क्षेत्रों में भी फागिंग व एंटी लार्वा का छिड़काव किया जा रहा है। वैसे जानकार सूत्रों के अनुसार डेंगू का प्रभाव प्रतापगढ़ में फिलहाल नियंत्रण में है।

ग्राम पंचायतों में हुआ दवा का छिड़काव

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। मलेरिया डेंगू जैसे गम्भीर बीमारी से बचाव के लिए सहायक विकास अधिकारी संतोष कुमार शुक्ला ने ब्लाक कालाकांकर की ग्राम पंचायत रामपुर गड़ौली आलापुर, कियावां में बीमारियों से बचाव के लिए फॉगिंग कराया जिसमे ग्राम पंचायत मंत्री आफताब अहमद व रविशंकर सोनकर व ग्राम प्रधान राजकुमार पटेल ,सियाराम मौर्य व दिलीप सरोज मौजूद रहे। दवा छिड़काव के बाद ग्रामीणों से अपने अपने मोहल्ले में साफ सफाई पर ध्यान देने की बात कही।

विकास को लेकर सदर विधायक ने की सूबे के मुखिया से फरियाद

मां बेल्हा देवी मंदिर कारीडोर सहित विकास कार्यों की रखी मांग

अखंड भारत संदेश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलते सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य।

प्रतापगढ़। सदर से भाजपा विधायक राजेंद्र मौर्य ने बृहस्पतिवार को सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ से मिलकर सदर विधानसभा के विकास की बात की। सदर विधायक राजेंद्र मौर्य को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आश्वस्त किया कि उनकी हर समस्या का निदान एवं क्षेत्र के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। सदर विधायक के साथ सच्चा आश्रम के महंत मनोज ब्रह्मचारी भी मौजूद रहे।

बता दें कि बेल्हा देवी मंदिर परिसर एवं सई नदी तट पर कॉरीडोर एवं माता रानी के मंदिर के विकास के साथ-साथ बौद्ध बिहार के विकास की बात को लेकर प्रतापगढ़ के भाजपा विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। योगी आदित्यनाथ ने आश्वस्त किया कि विकास के लिए भारतीय जनता पार्टी की सरकार प्रति बद्ध है। उनकी यह मांग शीघ्र ही पूरी हो जाएगी। सदर विधायक के साथ सच्चा आश्रम के महंत मनोज ब्रह्मचारी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट की। योगी आदित्यनाथ ने श्री सच्चा आश्रम के संतो के बारे में जानकारी ली और उनके लिए अपनी शुभेच्छा व्यक्त किया। सदर विधायक राजेंद्र मौर्य के प्रतिनिधि अरुण मौर्य ने बताया कि सदर विधायक का संकल्प विधानसभा के विकास का है। उसी की कड़ी में यशस्वी मुख्यमंत्री से उन्होंने भेंट की। जिसका सार्थक परिणाम शीघ्र ही लोगों के समक्ष विकास के रूप में दिखाई देगा। अरुण मौर्य के अनुसार कई योजनाओं को लेकर चर्चा हुई है, जो जल्द ही क्षेत्र में विकास के रूप में दिखाई पड़ेगी।

नगर पंचायत चुनाव में मतदाता सूची से नाम कटवाये जाने को डीएम से हुई फरियाद

लालगंज, प्रतापगढ़। नगर पंचायत चुनाव में पहली सूची में नाम दर्ज होने के बावजूद दूसरी सूची में नाम कट जाने को लेकर पीडित ने डीएम से शिकायत की है। लालगंज नगर पंचायत के शीतलमऊ वार्ड संख्या सत्रह निवासी संतोष सिंह पुत्र भुल्लर सिंह ने डीएम को दिये गये शिकायती पत्र में कहा है कि उसका नाम नगर पंचायत निर्वाचक नामावली 2022 में बीएलओ द्वारा जारी पोर्टल सूची में मकान नंबर व क्रमांक समेत अंकित था। पीडित का कहना है कि वह सभासद पद का संभावित उम्मीदवार है इसलिए शरारतन विपक्षियों ने अनन्तिम सूची में उसका नाम जानबूझकर कटवा दिया गया है। शिकायतकर्ता के अनुसार उसने इसकी शिकायत जानकारी होने पर एसडीएम समेत बीएलओ से की किंतु कार्रवाई नही हुई। पीडित ने डीएम को शिकायती पत्र देकर अनन्तिम सूची में पहले से दर्ज उसके नाम को जुडवाये जाने की मांग की है।

जिला रोजगार सृजन केन्द्र का हुआ लोकार्पण

अखंड भारत संदेश

जिला रोजगार सृजन केन्द्र के लोकार्पण समारोह में बोलते अतिथि।

प्रतापगढ़। स्वावलंबी भारत अभियान जिला रोजगार सृजन केंद्र प्रतापगढ़ का लोकार्पण मनोज यादव के नेतृत्व में मुख्य अतिथि अजय भाई साह एचबी पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्रीय संगठन स्वदेशी जागरण मंच एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघचालक रमेश भाई, स्वदेशी जागरण मंच के विभाग संयोजक कौशलेंद्र पति त्रिपाठी, स्वदेशी जागरण मंच के वरिष्ठ सक्रिय कार्यकर्ता अशोक मिश्रा, भारतीय किसान संघ (काशी प्रांत) प्रचार प्रमुख डॉक्टर मान सिंह और रोजगार केंद्र के कार्यक्रम संयोजक राजकुमारी भावना प्रताप सिंह दिलीपपुर स्टेट भगवा चुंगी नया माल गोदाम रोड दिलीपपुर हाउस में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, भारतीय किसान संघ भारतीय मजदूर संघ, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, विश्व हिंदू परिषद व अन्य विचार परिवार के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इस रोजगार सृजन केंद्र का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वावलंबी बनाना व सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को हर जनमानस तक पहुंचाना है तथा समय-समय पर रोजगार मेले का आयोजन करना है।

जिला मजिस्ट्रेट ने तीन गुण्डों को किया जिला बदर

दो व्यक्तियों के शस्त्र लाइसेंस को किया निरस्त

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जिले में जिन व्यक्तियों के आस-पास के क्षेत्रों में आतंक व भय व्याप्त है और उनके विरूद्ध कोई भी व्यक्ति कुछ बोलने अथवा साक्ष्य देने का साहस नहीं करता है, ऐसे तीन व्यक्तियों को जिला मजिस्टेज्ट डा0 नितिन बंसल ने गुण्डा नियंत्रण अधिनियम की धारा-3(3) के तहत जनपद की सीमा से छह माह के लिये निष्कासित कर दिया है।

उन्होने थाना कोतवाली नगर ग्राम भुलियापुर के जावेद उर्फ जब्बा पुत्र गुलहसन, थाना रानीगंज ग्राम आमापुर बेरां के अवधेश उर्फ पप्पू पुत्र सीताराम व रामदयाल पुत्र राजाराम को जनपद की सीमा से छह माह के लिये निष्कासित कर दिया है।

इसके अलावा जनपद प्रतापगढ़ के शस्त्र लाइसेंसी जो आपराधिक क्रिया-कलाप में लिप्त होने एवं शस्त्र अनुज्ञा-पत्र की शर्तो का उल्लंघन करने के दोषी पाये गये दो व्यक्तियों के शस्त्र लाइसें'स को जिला मजिस्टेज्ट ने निरस्त कर दिया है। उन्होने थाना रानीगंज ग्राम विष्णुपुर कला के बदरूद्दीन सुत जुमई शेख के शस्त्र एसबीबीएल व थाना बाघराय ग्राम ऐमापुर जाटू डडवा के अशोक बहादुर सिंह सुत शिव बहादुर सिंह के शस्त्र एनपी बोर रिवाल्वर को निरस्त कर दिया है।

योगदान के लिए सम्मानित किये गये बाबागंज के पूर्व प्रमुख

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। सामाजिक क्षेत्र में सराहनीय योगदान के लिए बाबागंज ब्लाक के पूर्व प्रमुख एवं जनसत्ता दल के युवा नेता हितेश प्रताप सिंह पंकज को जिले के महेशगंज के महेवा मलकिया में सम्मानित किया गया। पूर्व ब्लाक प्रमुख पंकज द्वारा जन्मदिन पर जनसेवा के साथ सामाजिक सरोकरों को मजबूत बनाए जाने एवं जनसत्ता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजा भइया के नेतृत्व में क्षेत्रीय विकास की मजबूती मे भी संघर्ष का संकल्प जताया गया। वहीं जनसत्ता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजा भइया व एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह गोपाल एवं बाबागंज विधायक व पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विनोद सरोज ने भी हितेश प्रताप को अपनी शुभकामनाएं सौपते हुए उत्साहवर्धन किया है। महेवा मलकिया मे हुए सम्मान समारोह का संयोजन अधिवक्ता अरविन्द त्रिपाठी पंकज ने किया। रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल की मौजूदगी में कार्यक्रम मे मौजूद लोगों ने हितेश प्रताप सिंह पंकज को सम्मानित करते हुए केक काटकर जन्मदिन की खुशियां साझा की। आभार प्रदर्शन आलोक त्रिपाठी द्वारा किया गया। इस मौके पर उमाकांत द्विवेदी, बबलू पाण्डेय, उमाशंकर विश्वकर्मा, मोनू तिवारी, शिवाकांत द्विवेदी, मनोज सिंह, अमन तिवारी आदि रहे।

खेलों से बच्चों का होता है सर्वांगीण विकास: सीडीओ

जिला स्टेडियम में शुरू हुई जिला बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता

अखंड भारत संदेश

सरस्वती मां के चित्र पर माल्यार्पण करतीं सीडीओ ईशा प्रिया।

प्रतापगढ़। जिला बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन स्टेडियम में आज अपरान्ह शुरू हुआ। इसका उद्घाटन मुख्य विकास अधिकारी ईषा प्रिया ने सरस्वती मां के चित्र पर माल्यार्पण कर तथा आसमान में गुब्बारे उड़ाकर किया। इस मौके पर प्राथमिक विद्यालयों की बालिकाओं ने स्वागत गीत व सरस्वती गीत प्रस्तुत किया। सीडीओ ने छात्र-छात्राओं द्वारा निकाली गई मार्च पास्ट की सलामी भी ली।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी ने बच्चों के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ये बच्चे कल के भविष्य हैं। इनका सर्वांगीण विकास खेलों से ही होता है। उद्घाटन समारोह के बाद खेलकूद प्रतियोगिताएं शुरू हुई। कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानंद, जिला बेसिक षिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, खण्ड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय षिव बहादुर मौर्य रहे। रैली का संचालन जिला व्यायाम षिक्षक रामकुमार सिंह, जिला व्यायाम शिक्षिका मंजू सिंह, जिला स्काउट शिक्षक सुशील कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर प्राथमिक षिक्षक संघ के रमाषंकर शुक्ल, विनय सिंह, शाह आलम, राजेष कुमार, जय प्रकाष पाण्डेय, नीरज सिंह तथा बड़ी संख्या में स्कूल से आए शिक्षक-शिक्षिकाएं रही। पहले दिन उच्च प्राथमिक वर्ग की बालिकाओं की 100 मीटर में मल्लिका सरोज प्रथम, अल्कमा द्वितीय व आर्या सिंह तृतीय स्थान पर रहीं। 200 मीटर की दौड़ मे काजल वर्मा प्रथम, पूनम द्वितीय व ईषा यादव तृतीय स्थान पर रहीं। 400 मीटर की दौड़ में सुलोचना प्रथम, महक द्वितीय व शिवानी गुप्ता तृतीय स्थान पर रहीं।

परेशान महिला ने थाने में लगाई गुहार

पट्टी, प्रतापगढ़। जेठ और जेठानी की हरकतों से परेशान होकर एक महिला ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के पट्टी नगर वार्ड नंबर 2 की रहने वाली कुसुम गुप्त पत्नी राजेश गुप्ता ने बताया कि उसके पति तथा बच्चे शहर में रहकर रोजी रोटी के लिए कमाई करते हैं। उसके जेठ राम सजीवन और उनकी पत्नी आए दिन मारने पीटने की धमकी देते रहते हैं तथा गाली गलौज करते हैं। पीड़ित महिला ने पट्टी कोतवाली में इस संबंध में शिकायती पत्र देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

उप मुख्यमंत्री ने की अधिकारियों के साथ विकास कार्यों के प्रगति की समीक्षा

सेतु को क्षतिग्रस्त करने का प्रयास करने वाले अराजक तत्वों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध एफ0आई0आर0 दर्ज कराकर सख्त कार्यवाही कराने के निर्देश

बाढ़ से प्रभावित हुए मकान और फसल का ठीक से करें सर्वे

अखंड भारत संदेश

अझुवा कौशाम्बी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपद में वर्षा/नदियों में बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त हुई फसलों एवं गिर गये मकानों का ठीक प्रकार से सर्वे कराकर सभी पात्र लोगों को मुआवजा दिया जाय। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से कहा कि आगामी 15 दिन के अन्दर अभियान चलाकर निराश्रित गोवंश को पकड़कर गौशालाओं में संरक्षित कर गोवंशों से सम्बन्धित समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि जनपद के सभी नगर पालिका परिषद/नगर पंचायतों एवं ग्राम पंचायतों में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित किया जाय, जिससे डेंगू की बीमारी फैलने न पाये। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सभी नगर निकायों एवं ग्राम पंचायतों में फागिंग एवं एण्टीलार्वा का छिड़काव नियमित रूप से किया जाय।

अधिकारियों के साथ बैठक करते डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य।

अखंड भारत संदेश

अझुवा कौशाम्बी। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा आज माँ शीतला देवी अतिथि गृह, सयारा सभागार में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई उप मुख्यमंत्री ने सभी अधिकारियों से कहा कि कार्यालय आने वाले फरियादियों की जिन समस्याओं का समाधान किया जा सकता है, उन समस्याओं का समाधान अवश्य सुनिश्चित किया जाय तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय। उन्होंने कहा कि जनपद कौशाम्बी छोटा जनपद है, सभी अधिकारी बेहतर से बेहतर कार्य एवं नवाचार करते हुए आमजन की समस्याओं का निस्तारण तथा जनपद के सर्वांगीण विकास में अपना अहम योगदान करें।

उप मुख्यमंत्री ने जल-जीवन मिशन के अन्तर्गत किये जा रहें कार्यों की समीक्षा के दौरान कहा कि कार्यों को तेजी से पूर्ण किया जाय, जिससे 2024 के पहले सभी लोगों के घर तक नल से जल पहुँचाने का कार्य पूर्ण हो सकें। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि जल-जीवन मिशन के तहत पाइप-लाइन जमीन के एक मीटर अन्दर बिछाई जाय। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पाइप-लाइन बिछाने के दौरान मुख्य सड़क व गली की तोड़ी गई सड़कों को तत्काल आवागमन के योग्य बना दिया जाय तथा पाइप-लाइन की टेस्टिंग के बाद सड़क को मानक के अनुसार पूर्ण रूप से बनाने की कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय, इस सम्बन्ध में उन्होंने आमजन को भी अधिक से अधिक जागरूक करने के निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि जनपद में विभिन्न योजनाओं के तहत पूर्व में बनी पानी की टंकियों व बिछाई गई पाइप-लाइन की जाँच कराकर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय।

खिलाड़ियों को किया जाए प्रोत्साहित

अझुवा कौशाम्बी। उप मुख्यमंत्री ने जनपद में रैक बनाये जाने के लिए आवश्यक कार्यवाही करते हुए प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि जिस अधिकारी/कर्मचारी की शिकायत है, जाँच उसी अधिकारी कर्मचारी के पास न पहुँचने पाये तथा जाँच ठीक प्रकार से सुनिश्चित करायी जाय। उन्होंने कहा कि जनपद में खेल के क्षेत्र में अच्छा कार्य हो रहा है, जनपद के खिलाड़ियों में अधिक क्षमता है, उन्हें अधिक से अधिक प्रोत्साहित किया जाय, जिससे वे खेल के क्षेत्र में नये कीर्तिमान स्थापित कर सकें इस अवसर पर जिलाधिकारी सुजीत कुमार, पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव एवं मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण तथा जनपद के प्रभारी अनिल सिंह एवं भाजपा जिलाध्यक्षा श्रीमती अनीता त्रिपाठी उपस्थित रहीं।

तत्काल बदला जाए ट्रान्सफार्मर

अखंड भारत संदेश

अझुवा कौशाम्बी। उप मुख्यमंत्री ने अधिशासी अभियंता विद्युत को शासन द्वारा निर्धारित समयावधि तक विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि जले हुए ट्रान्सफार्मर को बदलने की शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल ट्रान्सफार्मर बदलने की कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि विद्युत माग के अनुरूप अधिक क्षमता के ट्रान्सफार्मर लगाने की भी कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने ओवर/फर्जी विद्युत बिलिंग पर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि विद्युत बिल वसूली के सम्बन्ध में जनपद हमीरपुर में विद्युत सखियों द्वारा अच्छा कार्य किया जा रहा है, इसी प्रकार का कार्य जनपद कौशाम्बी में भी विद्युत सखियों को प्रोत्साहित कर करने का कार्य किया जाय।

भूमाफियाओं को चिन्हित कर उन पर की जाए कठोर कार्रवाई

अझुवा कौशांबी। उप मुख्यमंत्री ने जनपद में और अधिक भू-माफिया चिन्हित कर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने खनन माफिया, शराब माफिया एवं नकल माफिया को भी चिहिन्त कर उनके विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि पैसा लेकर सरकारी नौकरी का आश्वासन दिलाने वालों को चिन्हित कर, जो सरकार को बदनाम करने का भी कार्य कर रहें हैं, उनके विरूद्ध सख्त कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि जनपद में चकमार्गों को चिन्हित कर मनरेगा के तहत निर्माण कार्य कराया जाय, जिससे चकमार्गों को लेकर होने वाली समस्या का समाधान हों सकें। उन्होंने जनपद में धान क्रय केन्द्रों की समीक्षा के दौरान कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि किसानों को क्रय केन्द्रों पर किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े, बैठक में बताया गया कि जनपद में धान क्रय के लिए 26 क्रय केन्द्र बनाये गये थे, जिसे बढ़ाकर अब 32 कर दिया गया है।

सड़कों के निर्माण प्रगति की समीक्षा की

अझुवा कौशाम्बी। उप मुख्यमंत्री द्वारा कड़ाधाम को मॉ विन्ध्यवासिनी की तर्ज पर विकसित करने के लिए अब तक की गई कार्यवाही की जानकारी प्राप्त करने पर बताया गया कि प्रसाद योजना के अन्तर्गत चयनित किया गया है, जिस पर उप मुख्यमंत्री ने संत मलूकदास स्थान को भी सम्मिलित कर विकसित करने का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दियें। उन्होंने जनपद में राम वनगमन मार्ग एवं एयरपोर्ट, प्रयागराज से उत्खनन स्थल तक सड़क के निर्माण कार्य के लिए अब तक की गई कार्यवाही की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि भूमि अधिग्रहण आदि कार्य शीघ्र पूर्ण कर अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने सड़कों को गड्ढामुक्त करने की कार्यवाही की प्रगति की समीक्षा के दौरान कहा कि लो0नि0वि0 के साथ समन्वय कर मण्डी व जिला पंचायत आदि की सड़को को गड्ढामुक्त करने की कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनाये जा रहें सभी सड़कों के गुणवत्ता की जाँच कराने के निर्देश दियें।

आगामी कैबिनेट बैठक में ककोढा को ब्लाक बनाने की मिलेगी मंजूरी

अखंड भारत संदेश

अझुवा कौशाम्बी। उप मुख्यमंत्री द्वारा दुर्गा भाभी सेतु में दरार आने की जानकारी प्राप्त करने पर सेतु निगम के अधिकारी ने बताया कि अज्ञात अराजक तत्वों ने छिन्नी से सेतु को क्षतिग्रस्त करने का प्रयास किया है, जिस पर उप मुख्यमंत्री ने अराजक तत्वों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध एफ0आई0आर0 दर्ज कराकर सख्त कार्यवाही कराने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने जनपद में निमार्णाधीन आर0ओ0बी0/पुलों के निर्माण कार्य में आ रही समस्याओं का निस्तारण कर समय से निर्माण कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दियें। उन्होंने जनपद में नया ब्लॉक कसिया-ककोढ़ा को बनाये जाने के लिए अब तक की गई कार्यवाही की जानकारी प्राप्त करने पर बताया गया कि सभी कार्यवाही पूर्ण कर शासन को प्रस्ताव प्रेषित कर दिया गया है, जिस पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी कैबिनेट बैठक में मंजूरी दिलाने का कार्य किया जायेंगा। उन्होंने कौशाम्बी में पर्यटन के अन्तर्गत कराये जा रहें कार्यों की समीक्षा के दौरान कहा कि भूमि अधिग्रहण आदि की कार्यवाही तेजी से पूर्ण कर लिया जाय।

गैस कनेक्शन विद्युत कनेक्शन और शौचालय योजना से लोगों को किया जाए लाभान्वित

अखंड भारत संदेश

अझुवा कौशाम्बी उप मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के सभी लाभार्थियों को कार्ययोजना बनाकर सौभाग्य योजना के तहत विद्युत कनेक्शन, उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन, आयुष्मान भारत योजना के तहत गोल्डेन कार्ड एवं शौचालय सहित आदि विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि कोई पात्र लाभार्थी छूटने न पाये। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभार्थियों को द्वितीय किस्त शीघ्र निर्गत करने के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत वसूली का कार्य करने वालों को गोपनीय तरीके से चिन्हित कर उनके विरूद्ध सख्त कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दियें।

उपलब्ध कराई जाए बेहतर स्वास्थ्य सुविधा

अझुवा कौशाम्बी उप मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी से जनपद में चिकित्सकों की उपलब्धता आदि की विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि जिला अस्पताल, सी0एच0सी0 एवं पी0एच0सी0 में लोगों को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करायी जाय तथा जिला अस्पताल, सी0एच0सी0 एवं पी0एच0सी0 में उपलब्ध विभिन्न बीमारियों के इलाज की सुविधा का व्यापक प्रचार-प्रसार भी कराई जाय, जिससे अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हों सकें। उन्होंने पी0एम0 स्वनिधि योजना की समीक्षा के दौरान नगर निकायों में रेहड़ी/पटरी वालों के लिए वेडिंग जोन को चिन्हित कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। उन्होने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि सफाई कर्मी अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर सफाई का कार्य करें तथा आमजन को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाय।

केस फाइल देने से इंकार कर रहे अस्पताल संचालक

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। निजी अस्पतालों के रोज नए-नए कारनामे सामने आते हैं मरीज का इलाज करने के बाद उनके परिजनों द्वारा केस फाइल डिस्चार्ज समरी मांगे जाने पर अस्पताल संचालक इनकार कर देते हैं जिससे मरीज को क्या दवा दी गई है उनका इलाज कैसे हुआ है इस बात की जानकारी मरीजों के परिजनों को नहीं हो पाती है इसी तरह का एक मामला इन दिनों सराय अकिल का सामने आया है जिस पर मरीज के परिजनों ने शासन प्रशासन से शिकायत कर केस फाइल डिस्चार्ज समरी उपलब्ध कराने की मांग की है पीड़ित परिजन अदालत का सहारा ले सकते हैं जिससे अस्पताल संचालक की मुसीबत बढ़ सकती है।

सराय अकिल कोतवाली क्षेत्र के मुस्तफाबाद की रहने वाली बालिका अलशिफा का इलाज सराय अकिल क्षेत्र के एक निजी नर्सिग होम में हुआ था चिकित्सकों ने बताया था कि बालिका को डेंगू मर्ज है इलाज के नाम पर 5 दिनों तक पीड़ित बालिका अस्पताल में भर्ती रही बालिका के परिजनों से इलाज के नाम पर अस्पताल संचालकों ने मोटी रकम वसूल ली थी लेकिन डिस्चार्ज के बाद जब परिजनों ने केस फाइल की डिमांड की तो परिजनों के साथ अस्पताल संचालकों ने अभद्रता की और कहा कि अदालत की मांग पर वह केस फाइल देंगे मरीज के परिजनों को केस फाइल नहीं देंगे कई दिन बीत जाने के बाद भी मामले में आरोपी के खिलाफ मुकदमा नहीं दर्ज हुआ है और पीड़ित परिजनों को केस फाइल नहीं मिल सकी है अधिकारियों को दिए शिकायती प्रार्थना पत्र में पीड़ित मरीज के भाई परवेज ने बताया कि न्यू नवजीवन अस्पताल बेनीराम कटरा सराय अकिल के संचालक से जब केस फाइल की डिमांड की गई तो उन्होंने केस फाइल देने से इनकार करते हुए अभद्रता की है।

तहसील थाना दिवस की तरह आयोजित होगा शिक्षक समस्या समाधान दिवस

कौशाम्बी। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ सरसवां के अध्यक्ष नितिन कुमार समावेशी ने 21 अक्टूबर को एक ज्ञापन देकर माह में एक दिन शिक्षक समस्या समाधान दिवस आयोजित करने हेतु मांग किया था खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा उक्त मांग को स्वीकार करते माह का प्रथम मंगलवार शिक्षक समस्या समाधान हेतु समय 3 बजे से 4 बजे समय निर्धारित किया है। अब शिक्षक अपनी समस्या को निराकरण आसानी से करवा सकते है। उक्त आदेश से शिक्षको में खुशी की लहर है उक्त जानकारी नितिन कुमार समावेशी अध्यक्ष राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ सरसवां कौशाम्बी ने दी है।

यातायात जागरूकता पर भवन्स मेहता में हुआ कार्यशाला का आयोजन

अखंड भारत संदेश

भरवारी कौशाम्बी। भवंस मेहता महाविद्यालय भरवारी के शहीद भगत सिंह सभागार में गुरुवार को यातायात जागरुकता माह के अंतर्गत यातायात जागरुकता नियम और सतर्कता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी सुजीत कुमार तथा विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने सम्मिलित होकर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के पालन एवं जागरुकता पर अपने-अपने विचार रखें। महाविद्यालय के हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. सी. पी. श्रीवास्तव के निर्देशन में महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने यातायात जागरूकता पर एक लघु नाटिका के माध्यम से यातायात जागरूकता के लिए महाविद्यालय के छात्र - छात्राओं को प्रेरित किया। क्षेत्राधिकारी , मंझनपुर यातायात योगेंद्र नारायण ने यातायात जागरुकता पर अपने विचार रखते हुए दुर्घटना के तीन मुख्य कारणों नींद नशा और तेज रफ्तार की चर्चा की। महाविद्यालय के एन. सी. सी. के प्रभारी डॉ. कैप्टन अरुण कुमार सिंह ने एन. सी. सी. के कैडेटों एवं उपस्थित छात्र- छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरुक रहने की अपील की महाविद्यालय के एन. एस. एस. प्रभारी डॉ. धर्मेंद्र कुमार अग्रहरि ने कार्यक्रम में अपने विचार रखते हुए यातायात नियमों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. सी. पी. श्रीवास्तव ने किया। इस कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.प्रबोध श्रीवास्तव के कुशल मार्ग निर्देशन किया गया कार्यशाला में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. प्रबोध श्रीवास्तव , प्रो. विवेक कुमार त्रिपाठी, प्रो. श्वेता यादव , प्रो.पंकज कुमार श्रीवास्तव , प्रो. उमा जयसवाल, डो. विमलेश सिंह यादव, डॉ. सतीश कुमार तिवारी, डॉ. योगेश मिश्र , डॉ. मो. आदिल, डॉ. लक्ष्मीकांत मिश्र, डॉ. अनुज कुमार तिवारी, डॉ. राहुल राय , डॉ. महेंद्र उपाध्याय, डॉ. नीति मिश्रा , डॉ. दीपक कुमार आदि ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

यातायात गोष्ठी में बोलते पुलिस अधीक्षक।

गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कड़ाधाम पुलिस बल द्वारा गस्त वाहन चेकिंग के दौरान अभियुक्त मो0 सैफी पुत्र शकील अहमद निवासी इस्माइलपुर थाना कड़ाधाम को 01 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा बरामद होने पर गिरफ्तार कर बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो-पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 220 वाहनों का ई-चालान व एक वाहन का चालान कर 500 रुपए सम्मन शुल्क वसूल किया गया।

निरोधात्मक कार्यवाही में 05 अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना मझनपुर से दो थाना महेवाघाट से एक थाना पिपरी से एक थाना सैनी से एक कुल पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय कर दिया है।

एल्डर कमेटी के चेयरमैन बने नर नारायण मिश्रा एडवोकेट

कौशाम्बी। मॉडल डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन कौशांबी के चुनाव का बिगुल बज गया है और एल्डर कमेटी का गठन कर दिया गया है मॉडल डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के चुनाव के लिए एल्डर कमेटी के चेयरमैन नर नारायण मिश्रा एडवोकेट बनाए गए हैं उनके सहयोगी के रूप में सत्यनारायण यादव एडवोकेट दिलीप कुमार पांडेय एडवोकेट रमेश कुमार पांडेय एडवोकेट और शिवलाल चौधरी एडवोकेट एल्डर कमेटी में शामिल है 5 सदस्य टीम के देखरेख में मॉडल डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन का चुनाव संपन्न होगा उक्त जानकारी एसोसिएशन के महामंत्री तुषार तिवारी एडवोकेट ने दी है।

जय गुरुदेव महाराज का सतसंग कार्यक्रम संपन्न

अखंड भारत संदेश

कौशांबी। महाकाल की पावन नगरी उज्जैन से चलकर जय गुरुदेव महाराज के परम आध्यात्मिक उत्तराधिकारी परम संत बाबा उमाकांत महाराज द्वारा जनपद कौशांबी के कौशांबी विकासखंड क्षेत्र के म्योहर ग्राम सभा में आयोजित जयगुरुदेव सत्संग का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

परम संत बाबा जयगुरुदेव महाराज ने सत्संग के माध्यम से लोगों को बताया कि जो जीव मांसाहारी होते हैं उनकी पहचान भी होती है उनके दात बड़े होते हैं शरीर से पसीना नहीं निकलता है पानी चाटकर पीते हैं और सांसे मुंह से लेते हैं इस संसार में शूकर का काम है कि धरती की साफ सफाई करती है मछलियां जल की सफाई करती हैं भेड़ बकरियां वनस्पतियों को साफ करती हैं और गौ माता की पूजा की जाती है इस लिए किसी भी जीव को कष्ट नहीं पहुंचाना चाहिए इसलिए इन जीवों पर रहम किया जाए जीवो पर दया किया जाए मनुष्य का जीवन तो सुमिरन ध्यान भजन के लिए फिर बुराइयों का काम क्यों करें आज जो भी जिसके पास बुराइयां हो वो हमारे ऊपर छोड़कर जाए और अच्छी चीजें ले जाकर गहन करें और मन लगाकर सुमिरन ध्यान भजन करें सत्संग में कई जिलों के हजारों की संख्या में भक्तगण आकर सत्संग का लाभ लिया और भंडारे का प्रसाद भी ग्रहण किया।

जयगुरुदेव के सत्संग में उमड़े भक्त

शौचालय परिसर मे लगे वाटर कूलर मशीन से लोगो मे आक्रोश,हटाने की मांग

अखंड भारत संदेश

भरवारी कौशाम्बी। नगरपालिका के अधिकारियों की अदूरदर्शिता कहेंगे या इसे मक्कारी कहेंगे कि उन्होंने आम जनता को गंदगी के बीच पानी पीने के लिए विवश कर दिया है एक तरफ योगी मोदी की सरकार स्वच्छ भारत अभियान और स्वच्छता अभियान के नाम पर करोड़ों का बजट खर्च कर रही है दूसरी तब नगर पालिका भरवारी के अधिकारी शौचालय परिसर में लगे वाटर कूलर से लोगों को पानी पीने के लिए विवश कर रहे हैं नगर के लोगों के साथ यह कैसा बेहूदा मजाक है नगरपालिका के अधिकारियों के कारनामे से नगर वासियों में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है। नगर पालिका परिषद भरवारी के बस स्टॉप में लोगो के पीने के पानी के लिए वाटर कूलर की मशीन शौचालय परिसर में लगाई गई है इन अधिकारियों की मति मारी गई है जिससे आने जाने वाले यात्रियों को पीने के पानी के लिए सुविधा हो लेकिन शौचालय परिसर मे लगे वाटर कूलर मशीन से पानी पीने कोई नही जाता है जिससे लोगों को पीने के पानी के लिए दिक्कतों से जूझना पड़ रहा है और लोगो मे आक्रोश व्याप्त है वही प्रशासक दीपेंद्र यादव उप जिलाधिकारी से नगर वासियो ने मांग की है कि शौचालय परिसर से वाटर कूलर हटा कर कही और लगाया जाए जिससे लोग पानी पी सके।

हनुमान मंदिर अझुवा कैम्पस में लगे हैंडपम्प,आरओ बने शोपीस

नामित सभासद का अनुरोध नही सुनती नगर पंचायत, उच्च अधिकारियों से करेंगे शिकायत

अखंड भारत संदेश

अझुवा कौशाम्बी। आदर्श नगर पंचायत अझुवा प्रशासन के जिम्मेदारों की निष्क्रियता से हनुमान मंदिर श्रद्धालुओं में आक्रोश पनप रहा है हनुमान मंदिर अझुवा में दिन मंगलवार के अलावा भी नगर के श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ता है तमाम श्रद्धालु प्रतिदिन शाम को लड्डू,खीर,दमालु, सहित तमाम तरह के पकवान बनाकर चढ़ाते हैं उसके बाद मौजूद लोगों में प्रसाद वितरण किया जाता सैकड़ो श्रद्धालु मन्दिर में इकट्ठा होकर भजन कीर्तन करते हैं। जिससे पूरा नगर पंचायत भक्तिमय हो जाता है लेकिन मन्दिर प्रांगड़ में लगा हैंडपम्प,और आरओ से पानी नही निकलता जिसकी शिकायत मन्दिर के मुख्य पुजारी नामित सभासद चंद्रपाल सिंह ने कई बार नगर पंचायत के जिम्मेदारों को अवगत कराया लेकिन जिम्मेदार मूकदर्शक बने हुए हैं वहीं श्रद्धालुओं ने उच्च अधिकारियों से हैंड पम्प और आरओ मरम्मत की मांग की है।

अझुवा का मंन्दिर।

नगर पालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार के चलते कुछ दिनों में दरक गयी इंटरलॉकिंग सड़क

सेवा सदन अस्पताल को जाने वाली सड़क दरक जाने से बच्चे बूढ़े जवान गिरकर हो रहे है चोटिल

अखंड भारत संदेश

भरवारी कौशाम्बी। नगर पालिका परिषद भरवारी के बस स्टॉप के पास सेवा सदन अस्पताल को जाने वाली सड़क में कुछ दिनों पूर्व नगर पालिका द्वारा इन्टर लॉकिंग कराई गई थीं इंटरलॉकिंग बनने के कुछ दिनों के बाद ही दरक गई इतना ही नही ठेकेदारों की लापरवाही के चलते लगाए गए इंटरलॉकिंग से नाली भी ध्वस्त हो गई है जिससे आय दिन लोग सड़क मे गिरकर घायल हो जाते है साथ ही सेवा सदन अस्पताल मे आने वाले मरीजों को भी बड़ी समस्या होती है इंटरलॉकिंग सड़क धंस जाने के बाद नगरपालिका भरवारी का भ्रष्टाचार एक बार फिर खुलकर सामने आ गया है। नगर क्षेत्र के लोगो ने नगर पालिका परिषद के प्रशासक उपजिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट करते हुए सेवा सदन अस्पताल जाने वाली सड़क की इंटरलॉकिंग और नाली यथा शीघ्र फिर से बनवाने की मांग करते हुए कहा कि घटिया निर्माण करने वाले ठेकेदार और विभागीय अवर अभियंता के कारनामों की जांच कराते हुए इनसे सरकारी धन की रिकवरी कराई जाए ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड करते हुए अवर अभियंता को दंडित किया जाए।

संपादकीय

एक थी श्रद्धा, एक था हैवान

आजकल युवा प्रेम को व्यवहारिक बनाने के चक्कर में प्रेम की मूल संवेदना को ही खत्म करने लगे हैं जैसे कि आए दिन प्रेम में हत्या या बलात्कार तक की घटनाएं होती रह रही हैं। आजकल युवा का आकर्षण से प्रेम तक के बीच का समय काल काफी कम हो रहा है। कुछ घटनाओं में तो अनजान से दोस्ती, दोस्ती से प्रेम और प्रेम से सेक्स और सेक्स से घर से भाग जाने तक की घटना इतने कम दिनों में हो जाती है जो समझ नहीं आ रहा है। एक दूसरे को जाने बिना समझे बिना काफी रिश्तों को काफी आगे ले जाने की बीमारी से समाज ग्रसित है। दोस्ती होती है, शादी की बात होती है और फिर इनका व्यवहार ऐसे ही मानो पति पत्नी हो. फिर कुछ दिन में सब खत्म क्योंकि जब रिश्ते शारीरिक जरूरत के अनुसार बनते है तो टूटना स्वाभाविक है। इससे बचने के लिए युवाओं को दोस्ती और प्रेम तथा अपने और बहुरूपिये के बीच के अंतर को समझना होगा। आफताब श्रद्धा जैसी घटनाएं बहुत दुखद है। एक सभ्य समाज के नाम पर कलंक है। आजादी की चाह हमारे युवाओं को भटकाव की ओर ले जा रही है। परिणाम लड़कियों को ही भुगतना पड़ता है। काश! हमारी बेटियों को समझ आ जाए। वे माता-पिता को अपना बैरी ना समझे। अपने जीवन के कीमती वर्ष पढ़ाई और कैरियर में लगाएं। एक निश्चित उम्र के बाद ही अच्छे बुरे की समझ भी आती है। आजकल के मां - बाप भी कैरियर बनाने के चक्कर में अपने बच्चों को जमाने के ऊंच-नीच नहीं बताते। सिर्फ पढ़ो , पढ़ो, कैरियर बनाओ। जो नसीहत उन्हें शुरू से देनी चाहिए वह उन्हें कभी नहीं मिलता। वे सिर्फ कैरियर के गुलाम बनकर रह जाते हैं। ऐसे में जब आफताब जैसा भेड़िया उनसे नकली मुहब्बत दिखाता है तो वह उसी को असली प्यार समझ कर अपने परिवार से विद्रोह कर बैठती है। फिर जो परिणाम होता है वह सर्वविदित है। लड़की की तो शत प्रतिशत गलती है जिसका परिणाम भुगत लिया उसने। इतनी निशृंस हत्या करना, एक गंदी सोच का ही नतीजा है। प्रेम शब्द का सिर्फ सहारा लिया। आश्चर्य है कि विदेश में रहने वाले लोग भारतीय संस्कृति की ओर आने लगें हैं और भारत के युवा विदेश के कल्चर को अपना कर आधुनिकता का आवरण ओढ़ कर स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। लिव इन रिलेशनशिप में लड़कों की अपेक्षा लड़कियों का अधिक दैहिक और मानसिक शोषण किया जाता है। आधुनिकता के नाम पर हम आने वाली पीढ़ी को कितना गलत संदेश दे रहे हैं। माता पिता आर्थिक उपार्जन हेतु व्यस्त रहते हैं और बच्चों को समय नहीं दे पाते और बच्चे इंटरनेट पर उपलब्ध ज्ञान का गलत मतलब निकाल लेते हैं। सचमुच आने वाली पीढ़ी के लिए यह बहुत भयावह स्थिति है।

बढ़ती जनसंख्या: क्या-क्या करें

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

संयुक्तराष्ट्र संघ की ताजा रपट के मुताबिक दुनिया की आबादी 8 अरब से भी ज्यादा हो गई है। पिछले 50 साल में दुनिया की जनसंख्या जितनी तेजी से बढ़ी है, पहले कभी नहीं बढ़ी। अभी तक यही समझा जा रहा था कि चीन दुनिया का सबसे बड़ी आबादीवाला देश है लेकिन भारत उसको भी मात करनेवाला है। भारत में इधर बढ़े 17 करोड़ लोग उसे दुनिया का सबसे बड़ा देश बना देंगे। ऐसा नहीं है कि भारत जनसंख्या के हिसाब से ही बहुत आगे बढ़ गया है। इस देश ने कई मामलों में सारी दुनिया से बेहतर उपलब्धियां भी हासिल की हैं। इस समय डिजिटल व्यवहार में वह दुनिया में सबसे आगे हैं। जहां तक प्रवासी भारतीयों का सवाल है, दुनिया के जितने अन्य देशों में भारतीय मूल के लोग शीर्ष स्थानों पर पहुंचे हैं, दुनिया के किसी मुल्क के लोग नहीं पहुंच सके हैं। भारतीय मूल के लोग जिस देश में भी जाकर बसते हैं, वे हर क्षेत्र में आगे निकल जाते हैं। वे अपने सभ्य और सुसंस्कृत आचरण के लिए सारे विश्व में जाने जाते हैं लेकिन दुनिया की बढ़ती हुई आबादी कई देशों के लिए तो खतरनाक सिद्ध हो ही रही है, वह भारत के लिए भी चिंता का विषय है। यदि आपके देश की या परिवार की आबादी बढ़ती चली जाए और उसकी जरूरतों की पूर्ति भी होती चली जाए तो कोई बात नहीं है लेकिन आबादी के साथ-साथ गरीबी और असमानता भी बढ़ती चली जाए तो वह समाज के लिए बोझ बन जाती है। यों तो भारत में जनसंख्या की रफ्तार पिछले दशकों के मुकाबले थोड़ी कम हुई है लेकिन हमारे देश में अभी भी लगभग 100 करोड़ लोग ऐसे हैं, जिनके लिए हम पर्याप्त भोजन, निवास, वस्त्र, शिक्षा, चिकित्सा और मनोरंजन की व्यवस्था नहीं कर पाए हैं। हमारी जनसंख्या-बढ़ोतरी का यह अच्छा पहलू है कि भारत में युवा लोगों का अनुपात वृद्धों के मुकाबले बेहतर है। दुनिया के मालदार देशों में दीघार्यु की सुविधाओं के कारण वृद्धों की संख्या कहीं ज्यादा है। जनसंख्या के खतरे से निपटने के लिए भारत सरकार को दो बच्चों वाले प्रतिबंध पर भी तुरंत विचार करना होगा। जनसंख्या की दृष्टि से भारत का फायदा उसके इस तेवर में भी है कि भारत से पढ़े-लिखे युवक बढ़िया आमदनी की तलाश में विदेशों में जाकर अपना ठिकाना बना लेते हैं। लेकिन भारत चाहे तो अपने दक्षिण और मध्य एशिया के देशों में विकास का इतना बड़ा अभियान चला सकता है कि देश के कई करोड़ लोगों को वहां रोजगार मिल सकता है और वे वहां बस भी सकते हैं। मध्य एशिया के पांचों देशों का क्षेत्रफल भारत से डेढ़ गुना है और उनकी आबादी मुश्किल से साढ़े सात करोड़ है। भारतीय लोगों को अगर उचित मार्गदर्शन और सुविधा मिले तो वे न केवल भारत की बढ़ती आबादी की समस्या हल कर सकते हैं बल्कि प्राचीन आर्यावर्त्त की अकूत संपदा का दोहन करके एशिया को यूरोप से भी आगे ले जा सकते हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और जाने-माने स्तंभकार हैं।)

जी20 देशों के सम्मेलन में भारतीय कूटनीति

अशोक भाटिया

जी-20 देशों के सम्मेलन का इंडोनेशिया के खूबसूरत शहर बाली में समापन हो गया और अगले वर्ष के लिए इसकी अध्यक्षता भारत को सौंप दी गई। जी 20 शिखर सम्मेलन के डिक्लेरेशन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्पष्ट छाप दिखाई दी। 'ये युग युद्ध का नहीं', का जो संदेश प्रधानमंत्री मोदी ने रूस के प्रेसिडेंट व्लादिमीर पुतिन से बातचीत के दौरान दिया था, उसे बाली डिक्लेरेशन में जगह दी गई है। यह बात बहुत महत्वपूर्ण है। ये गांधी, बुद्ध और महावीर का देश है जहां अहिंसा और शक्ति की बात होती है, शांतिपूर्ण तरीके से सारी बातें निपटाने की।ॅ

दूसरी बात ये वक्त युद्ध का नहीं है। निश्चित रूप से जो बड़ा संकट आज दुनिया में आया हुआ है, चाहे वो खाद्य सुरक्षा की बात हो, चाहे वो विद्युत या ऊर्जा सुरक्षा की बात हो, या बाकी जो दूसरे हेल्थ इशूज हैं या इन्फ्लेशन है, पॉवर्टी है, ये कुछ ना कुछ हद तक जो अभी कॉनफ्लिक्ट चल रहे हैं दुनिया में। खासकर रशिया और यूक्रेन के बीच कॉन्फ्लिक्ट हो रहा है, उससे खाद्य और ऊर्जा का संकट बढ़ता जा रहा है। बाकी जो कॉन्फ्लिक्ट चीन के साथ ताइवान, साउथ चाइना सी में ले लीजिए या ईरान-इजरायल का कॉनफ्लिक्ट देखिए, या पाकिस्तान-तालिबान का देख लीजिए। बाकी जो दूसरे इश्यूज हैं, जिसमें देशों को सुरक्षा के लिए ज्यादा खर्च करना पड़ता है, हथियारों के लिए ज्यादा खर्च करना पड़ रहा है, जो बेसिक सुविधाएं हैं वो जिसमें आप हेल्थ की कहिए, मेडिसिन हुआ, एजुकेशन हुआ, पॉवर्टी एलिवेशन हुआ, जो बेसिक नीड्स हैं, उसकी तरफ से ध्यान हट रहा है।मोदी जी ने सटीक बात कही है कि ये युग युद्ध का युग नहीं है। ये युद्ध, जो गैर परम्परागत चुनौतियां हैं, उनसे निपटने का है। जैसे कि अब जी 20 का अगला अध्यक्ष भारत है। भारत को एक मौका है कि जो गैर परंपरागत चुनौतियां हैं समाज के सामने, विश्व के सामने। उनके साथ भारत के लीडरशिप में लड़ा जाए। भारत, जो वसुधैव कुटुंबकम की बात करता है, वन विलेज, वन वर्ल्ड की बात करता है, ये साबित करने के तरफ अग्रसर किया जाए, क्योंकि भारत एक सॉफ्ट पावर है। भारत एक लॉ अबाइडिंग कंट्री है। भारत दुनिया की लार्जेस्ट फंक्शनल डेमोक्रेसी है। ये मैसेज भारत हमेशा देना चाहता है कि कोई भी संकट का समाधान हमें डायलॉग और डिप्लोमैसी के माध्यम से करना चाहिए, युद्ध के माध्यम से नहीं करना चाहिए। साथ साथ यही बातें भारत ने जी 20 सम्मेलन में भी कहीं।

ऐसे में जी 20 सम्मेलन में भारतीय कूटनीति की जो धाक दिखी, उससे दुनिया के देश भारत की तरफ एक उम्मीद की नजर से देख रहे हैं . इसके आलावा बड़ी बात ये है कि भारत की जो विदेश नीति है, उसमें मोटे तौर पे भारत में सर्व सम्मति है कि भारत जो विदेशों के साथ संबंध बना रहा है, डेवेलप कर रहा है, वो सबको मान्य है

ऐसे में जी 20 सम्मेलन में भारतीय कूटनीति की जो धाक दिखी, उससे दुनिया के देश भारत की तरफ एक उम्मीद की नजर से देख रहे हैं . इसके आलावा बड़ी बात ये है कि भारत की जो विदेश नीति है, उसमें मोटे तौर पे भारत में सर्व सम्मति है कि भारत जो विदेशों के साथ संबंध बना रहा है, डेवेलप कर रहा है, वो सबको मान्य है। भारत ने सम्मेलन में गुजरे कोरोना संकट व जलवायु परिवर्तन को विश्व की अर्थव्यवस्था के लिए बहुत बड़ा विनाशक बताते हुए कहा कि इससे विभिन्न देशों के बीच की विभिन्न वस्तुओं की सप्लाई या आपूर्ति श्रृंखला टूट गई जिसकी वजह से उपभोक्ता वस्तुओं की कमी महसूस होने लगी। अतः कोरोना के बाद नयी विश्व व्यवस्था की जरूरत महसूस हो रही है। भारत का यह शुरू से ही मानना रहा है कि जलवायु परिवर्तन के खतरे को देखते हुए जिस प्रकार गरीब या विकासशील कहे जाने वाले देशों पर विकसित देशों द्वारा प्रकृति के साथ की गई छेड़छाड़ या आधुनिकतम वैज्ञानिक विधियों द्वारा प्रदूषित गैसों के अत्याधिक उत्सर्जन का विपरीत असर हुआ है, उसकी भरपाई अमीर देशों को ही करनी चाहिए जिससे ये देश अपने विकास के लिए वैकल्पिक तरीकों का उपयोग करने में सक्षम हो सकें परन्तु सम्मेलन ने इस बारे में कोई फैसला नहीं किया है जबकि जलवायु परिवर्तन का विनाशकारी असर विकासशील देशों पर ही पड़ रहा है। इसके साथ यह भी सत्य है कि जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर भारत सबसे ज्यादा प्रभावी देश माना जाता है। इस सम्मेलन से एक तस्वीर और साफ हो रही है कि वर्तमान विश्व परिस्थितियों में बहुदेशीय सहयोग व सहकार के साथ ही द्विपक्षीय आधार पर सहयोग की दिशा में भी देश आगे बढ़ते नजर आ रहे हैं। प्रधानमन्त्री श्री मोदी का चीनी राष्ट्रपति के साथ बातचीत का सुनिश्चित कार्यक्रम तो तय नहीं हो पाया मगर रात्रि भोजन के अवसर पर जिस तरह दोनों नेताओं ने एक-दूसरे के साथ अनौपचारिक बातचीत की उससे दोनों देशों के बीच चल रहे तनाव में कमी जरूर आनी चाहिए। श्री मोदी ने जून 2020 में हुए लद्दाख के गलवान घाटी संघर्ष के बाद पहली बार शी जिनपिंग से व्यक्तिगत बातचीत की। यह तथ्य स्वयं में बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि इसी वर्ष के सितम्बर महीने में दोनों नेता शंघाई सहयोग संगठन सम्मेलन में भी मिले थे मगर दोनों के बीच शिष्टाचार बातचीत तक नहीं हो सकी थी। बाली में श्री मोदी ने पहल करके जिस तरह शी जिनपिंग को पकड़ा उससे साफ जाहिर होता है कि भारत चीन से अपनी बात पुरजोर तरीके से करने का इच्छुक है। श्री मोदी ने ब्रिटेन के नव निर्वाचित प्रधानमन्त्री श्री ऋषि सुनक से भी द्विपक्षीय वार्ता की। श्री सुनक इसी सम्मेलन के दौरान रूस को एक बेतरतीब देश तक कह चुके हैं। जाहिर है कि इस मुद्दे पर भारत का पूरी तरह भिन्न मत है क्योंकि रूस भारत का सबसे सच्चा व पक्का मित्र है। श्री सुनक रूस के खिलाफ कड़े प्रतिबंध लगाने के भी हिमायती हैं जबकि भारत का रुख ठीक इसके विपरीत रहा है परन्तु हकीकत यह है कि जी-20 देश रूस से आयातित ऊर्जा व कच्चे तेल पर प्रतिबन्ध लगाने के सपने को भी पूरा नहीं कर सके हैं। यहां भारत की कूटनीति ने कमाल दिखाया है। श्री मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों से भी मुलाकात की। इसके अलावा वह जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज, आस्ट्रेलिया के प्रधानमन्त्री एंथोनी अल्बानीज से भी मिले। साथ ही कुछ अन्य देशों के प्रमुखों के साथ भी मुलाकात की। इसका सीधा मतलब यही निकलता है कि विश्व के विभिन्न देश द्विपक्षीय सम्बन्धों की गरमाहट के आधार पर विश्व व्यवस्था में बदलाव की राह देख रहे हैं। भारत एक जमाने से विकासशील देशों का अगुवा रहा है, अतः वह अपनी भूमिका का निर्वाह दुनिया के एक समान विकास के रूप में करने की राह पर ही है। जी20 में रूस को लेकर भारत के स्टैंड का लोहा अमेरिका और चीन ने भी माना। इस सम्मेलन के जरिये प्रधानमंत्री मोदी ने दुनिया को यह दिखा दिया कि भारत ऋ20 की अध्यक्षता मजबूती से करने को तैयार है। उन्होंने कहा कि ऋ20 में प्रधानमंत्री मोदी ने जिस तरह से बेबाकी से भारत का पक्ष रखा, उससे यह संदेश गया कि 21वीं सदी का भारत एकदम अलग है। इससे अंतरराष्ट्रीय जगत में भारत की एक अलग साख और पहचान बनी है। अंतरराष्ट्रीय जगत में भारत की धाक जमी है। खास कर तब जब, दिसंबर में भारत जी-20 की अध्यक्षता का जिम्मा ले रहा है। यह ऐसा समय है, जब दुनिया जंग, गृहयुद्ध, आर्थिक मंदी और ऊर्जा की बढ़ी हुई कीमतों और महामारी के दुष्प्रभावों से जूझ रही है। ऐसे समय विश्व जी-20 में भारत की भूमिका को भी उम्मीद की नजरों से देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री ने दुनिया को यह भरोसा दिलाया कि वह जी-20 का नेतृत्व करने में पूरी तरह से सक्षम है। मोदी ने कहा कि विश्व जी20 की तरफ आशा की नजर से देख रहा है। मोदी ने यह संकेत दिया कि भारत की मजबूत लोकतांत्रिक व्यवस्था, देश की अद्भुदता, विविधता, समावेशी परंपराओं और सांस्कृतिक समृद्धि का पूरा अनुभव मिलेगा। मोदी ने दुनियाभर के नेताओं से मिलकर उनको यह विश्वास दिलाया कि जी20 की अध्यक्षता की जो जिम्मेदारी भारत को मिली है, उसको वह पूरी तरह से निभाने के लिए तैयार है

देखा जाय तो भारतीय हितों के लिहाज से जी-20 की यह बैठक बेहद उपयोगी रही। प्रधानमंत्री मोदी ने इस मंच का पूरा कूटनीतिक लाभ उठाया।

क्या भारत जनसंख्या में सचमुच चीन को पछाड़ देगा ?

अश्विनी कुमार मिश्र

संयुक्त राष्ट्र संघ की रिपोर्ट के अनुसार 15 नवंबर विश्व की जनसंख्या 800 करोड़ तक पहुँच गई है. इस आबादी विस्तार में चीन और भारत का सबसे बड़ा हिस्सा हैं। दिलचस्प बात यह है कि इसी रिपोर्ट में संयुक्त राष्ट्र ने भी भविष्यवाणी की है कि भारत चीन को पीछे छोड़ देगा और जनसंख्या के मामले में दुनिया में पहले स्थान पर आ जाएगा। इस पृष्ठभूमि में संयुक्त राष्ट्र की यह रिपोर्ट क्या है? इसमें व्यक्त की गई भविष्यवाणियां वास्तव में क्या हैं? जनसंख्या के मामले में चीन को पछाड़ कर कब नंबर वन बनेगा भारत? और जनसंख्या के बारे में माल्थस का सिद्धांत क्या है? संयुक्त राष्ट्र संघ की रिपोर्ट के अनुसार 15 नवंबर विश्व की आबाद 800 करोड़ तक पहुँच गई है. इसमें चीन और भारत का योगदान बड़ा है. यह भी अनुमान है कि विश्व की जनसंख्या 2030 तक 850 करोड़, 2050 तक 970 करोड़ और 2100 तक 1040 करोड़ हो जाएगी। 2080 में दुनिया की आबादी चरम पर होगी। 2100 के बाद जनसंख्या घटने लगेगी। भारत दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश कब बनेगा? संयुक्त राष्ट्र संघ की इस रिपोर्ट में अलग-अलग भविष्यवाणी की गई हैं । इसने यह भी भविष्यवाणी की गई है कि

साल 2023 में चीन को पछाड़कर मौजूदा दर से आबादी में भारत नंबर वन देश बन जाएगा।2050 तक विश्व की सर्वाधिक जनसंख्या वृद्धि केवल आठ देशों में होगी। इसमें कांगो, मिस्त्र, इथियोपिया, भारत, नाइजीरिया, पाकिस्तान, फिलीपींस और तंजानिया शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र की वार्षिक विश्व जनसंख्या संभावना रिपोर्ट सोमवार (14 नवंबर) को विश्व जनसंख्या दिवस पर प्रकाशित हुई थी। इसमें ये सभी भविष्यवाणियां की गई हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि वर्तमान जनसंख्या वृद्धि दर 1950 के बाद से सबसे कम है। 2020 में जनसंख्या वृद्धि दर 1 प्रतिशत से भी कम थी। दुनिया की आबादी को 700 करोड़ से 800 करोड़ होने में कुल 12 साल लगे। अब इस आबादी को 800 से बढ़ाकर 900 करोड़ करने में 15 साल लगेंगे। यानी साल 2037 में 900 करोड़ आबादी पहुंच जाएगी। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके कारण विश्व की जनसंख्या वृद्धि दर धीमी हो गई है। ब्रिटिश अर्थशास्त्री थॉमस रॉबर्ट माल्थस ने जनसंख्या वृद्धि पर एक सिद्धांत प्रतिपादित किया। उसका नाम माल्थस थ्योरी है। माल्थस के सिद्धांत के अनुसार जनसंख्या प्रत्येक 25 वर्ष में दोगुनी हो जाती है। जबकि संसाधन सामान्य दर से बढ़ते हैं तो जनसंख्या वृद्धि दर दोगुनी हो जाती है। उदा. यदि जनसंख्या 2 से 4 और 4 से 8 हो जाती है, संसाधन 2 से 3 और 3 से 4 हो जाता है।

जनसंख्या वृद्धि के प्रभाव

माल्थस के सिद्धांत के अनुसार यदि जनसंख्या तेजी से बढ़ती है तो संसाधन कम होने लगते हैं। इससे भोजन और प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव पड़ता है। माल्थस का कहना है कि ऐसी स्थिति में जनसंख्या नियंत्रण के लिए स्वतः ही प्राकृतिक घटनाएं घटित होती हैं। उदा. जनसंख्या को सूखा, महामारी, युद्ध और प्राकृतिक आपदाओं जैसी घटनाओं द्वारा नियंत्रित किया जाता है। हालाँकि, माल्थस के सिद्धांत की कई बार आलोचना की गई है।

जनसंख्या वृद्धि के पीछे कारण

संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, उपचार और प्रौद्योगिकी में प्रगति सार्वजनिक स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता और चिकित्सा को अधिक सुलभ बना रही है। इसके कारण महामारी की दर में कमी आई है। महामारी हो भी जाए तो मरने वालों की संख्या पहले से कम है, क्योंकि इलाज उपलब्ध है। स्वास्थ्य सुविधाओं के कारण जीवन प्रत्याशा बढ़ी है। इससे मृत्यु दर में कमी आई है और जनसंख्या में वृद्धि हुई है।

"पटाया-थाईलैंड में चल रहे अंतरराष्ट्रीय परिवार नियोजन सम्मेलन में बोलते हुए, संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. नतालिया कानेम ने यह जानकारी दीकि जनसंख्याँ की रफ़्तार कई कारणों से तेज है. और 15 नवंबर जनसंख्याँ के लिहाज से विश्व के लिए ऐतिहासिक दिन होगाजब विश्व की आबादी 800 करोड़ हो गयी. उन्होंने कहा कि 'आठ' अंक सांकेतिक है। यदि इसे क्षैतिज रूप से घुमाया जाए तो अनंत की तस्वीर बनती है। इस संख्या को पार कर रही दुनिया में महिलाओं और लड़कियों के लिए विकास की अनंत संभावनाएं पैदा की जानी चाहिए।"

बच्चों को मोबाइल से बचाएं

आशीष वशिष्ठ

विकास और प्रौद्योगिकी के इस बदलते दौर में मोबाइल हमारे जीवन का एक अहम अंग बन गया है। एक पल के लिए भी कोई इसे स्वयं से दूर नहीं करना चाहता है। इसी का परिणाम है कि माता-पिता की देखा-देखी आज छोटे-छोटे बच्चे भी इसके आदी हो गए हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि लाड-प्यार के कारण आपने जिस उपकरण को अपने बच्चे की जीवन में शामिल किया है, आगे चलकर वह आपके बच्चे की शारीरिक और मानसिक समस्याओं का कारण बन सकता है। कोरोना महामारी के दौर में ऑनलाइन पढ़ाई ने बच्चों को मोबाइल फोन का गुलाम बना दिया। अब बच्चों की आदत इतनी बिगड़ गई है कि कुछ देर के लिए उन्हें मोबाइल फोन न मिले तो

विशेषज्ञों के अनुसार, बच्चों और किशोरों में मोबाइल की लत मानसिक रोगी बना सकता है। ऐसे में अभिभावक को बहुत अधिक सावधान रहने की जरूरत है। मोबाइल फोन पर बहुत अधिक गेम खेलना, दिनभर वीडियो देखते रहना या इसका किसी भी रूप में बहुत अधिक प्रयोग, उनके स्वास्थ्य के लिए अति नुकसानदायक है

उनमें चिड़चिड़ापन, बेचैनी, घबराहट, गुस्सा, व्यवहार में आक्रामकता, बातचीत ही बंद कर देना या खाना छोड़ देने जैसे लक्षण सामने आ रहे हैं। स्मार्ट फोन के हाथ में आते ही उनका मूड ठीक हो रहा है। मोबाइल की लत से बच्चों की दैनिक गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। स्कूल से आते ही बच्चे मोबाइल फोन में ही लगे रहते हैं। इससे आंखों पर बुरा असर तो पड़ ही रहा है, मानसिक विकार भी आ रहे हैं। मनोचिकित्सकों के अनुसार जागरूक अभिभावक तो काउंसलिंग करवा रहे हैं, लेकिन कुछ इन लक्षणों को अनदेखा कर रहे हैं। स्कूल बंद होने से ऑनलाइन पढ़ाई का फायदा हुआ था, लेकिन अब मोबाइल की लत नुकसानदायक साबित हो रही है।

विशेषज्ञों के अनुसार, बच्चों और किशोरों में मोबाइल की लत मानसिक रोगी बना सकता है। ऐसे में अभिभावक को बहुत अधिक सावधान रहने की जरूरत है। मोबाइल फोन पर बहुत अधिक गेम खेलना, दिनभर वीडियो देखते रहना या इसका किसी भी रूप में बहुत अधिक प्रयोग, उनके स्वास्थ्य के लिए अति नुकसानदायक है। डाक्टरों के अनुसार मोबाइल ज्यादा इस्तेमाल करने से बच्चों में डिप्रेशन, अनिद्रा और चिड़चिड़ापन जैसी मानसिक समस्याएं बढ़ रही हैं। बच्चों में सिर और आंखों में दर्द, भूख न लगना, आंखों की रोशनी कम होना, गर्दन में दर्द जैसी शारीरिक बीमारियां हो रहीं हैं। वहीं अत्यधिक मोबाइल इस्तेमाल से बच्चों में अवसाद और निराशा तेजी बढी है। बच्चे आभासी दुनिया को ही वास्तविक दुनिया समझ बैठे हैं। साथ ही इनको ई-स्पोर्ट के चलते अन्य शारीरिक बीमारियां भी देखने में मिल रही हैं। इसके अलावा इंटरनेट पर फैली अश्लीलता इनके मन मस्तिष्क को को दूषित कर रही है। छोटे-छोटे बच्चे और किशोर जिस तरह से जघन्य अपराधों में लिप्त होते जा रहे हैं, वह गंभीर चिंता का विषय है। जाहिर है, सोशल मीडिया, इंटरनेट और इलेक्ट्रानिक गैजेट के तेजी से बढ़ते इस्तेमाल के दुष्प्रभाव हैं ये सब। यही कारण है कि बच्चों में नैतिकता की गिरावट साथ ही आदर्श व्यवहार की कमी बड़े रूप में देखी जा सकती है। मोबाइल का कम इस्तेमाल ठीक है, अन्यथा यह लत है। मूड ठीक करने के लिए स्मार्टफोन का इस्तेमाल भी ऐसा ही है, जैसे ड्रग्स व्यवहार को प्रभावित करती है। चिकित्सकों की माने तो बच्चों में मोबाइल की लत को दूर करने के लिए परिवार में अनुशासन जरूरी है। बच्चों को एक निर्धारित समय के लिए मोबाइल फोन के इस्तेमाल के लिए कहा जा सकता है। बच्चों को आउट डोर या इंडोर खेलकूद या दूसरी रचनात्मक गतिविधियों के लिए प्रेरित करें। पेरेंट्स बच्चों को घर से बाहर घूमने टहलने ले जाएं। अच्छी कहानियां सुनाएं। मोबाइल की आदत को छुड़ाने के लिए उन पर प्रतिबंध भी लगाना जरूरी है। अभिभावक स्वयं भी मोबाइल के इस्तेमाल में सावधानी बरतें। दिनों दिन गंभीर होती इस समस्या के प्रति अभिभावकों को ध्यान देना होगा कि बच्चे इंटरनेट और मोबाइल का उपयोग कितना और किस उद्देश्य से कर रहे हैं।

लालच की लीला

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा प्त

दिन सर्दी के थे। ऊपर से कार के अंदर भी एसी। शरीर में गर्माहट लाने के लिए शराब से अच्छा उपाय क्या हो सकता है! वैसे मौसम बदलते रहते हैं, लेकिन शराब का मौसम सदाबहार रहता है। निमार्ता के हाथ में ऑफिसर्स च्वाइस की चमचमाती बोतल देख सेक्रेटरी का थोड़ा और भजनखबरी का जी ज्यादा ललचा गया। लालच तो वह बंदर है जो जिंदगी के पेड पर हमेशा उछल-कूद करता रहता है। थोड़ी देर तक कुत्ता पुराण बाँचने वाला भजनखबरी अब खुद कुत्ता बनने की फिराक में था। वहीं सेक्रेटरी चालक से चालाक बनने के चक्कर में अपना थोड़ा ध्यान सड़क पर और ज्यादा ध्यान बोतल पर रखकर गाड़ी चला रहा था। दोनों का ध्यान बोतल पर जाना वाजिब भी था। क्योंकि बोतल का ढक्कन खुलते ही उसकी ह्यबोह्ल तल तक पहुँच रही थी। मानो वह बोतल दोनों से कह रही हो कि क्या तुमको मुझसे प्यार नहीं?, क्या मेरे नशे का चस्का नहीं?, क्या प्यासे ही मर जाना चाहते हो?, अंदर की जलन से राख हो जाना चाहते हो?, मुझसे दूर रहकर अपना घाटा क्यों करना चाहते हो?, क्या तुम्हारा दिल मुझे नहीं चाहता?, क्या मुझे माँगने की हिम्मत भी नहीं है?, यही सब विचारों में विचर रहे दोनों जीव अंदर ही अंदर निर्जीव होते जा रहे थे। सेक्रेटरी को तो मानो बिन माँगे मुराद पूरी हो गई। हो भी क्यों न जिस देश में कइयों को एक वक्त का खाना नसीब होना मुश्किल हो वहाँ इतनी महंगी शराब मिल जाए, जीते जी धरती पर स्वर्ग देखने से कम है क्या!

जनता महंगाई, नौजवान बेरोजगारी से हैं परेशानः रंजना

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अगुवाई में भारत जोडो पद यात्रा धुस मैदान कर्वी से तरौंहा के सभी वार्डों में आम जनता से मिलकर समस्यायें सुनीं। नुक्कड सभा कर पद यात्रा का समापन हुआ।

गुरुवार को नुक्कड सभा में कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि नगर निकाय के चुनाव का बिगुल बजने वाला है। सभी लोग एकजुट होकर कांग्रेस के हाथों को मजबूत करें। कांग्रेस नगर के विकास के लिए काम करेगी। पिछले चुनाव में किसी दल से लडे, बाद में किसी अन्य दल में शामिल हो गये। ऐसे नेताओं से सावधान रहना है। नगर में डेंगू

बुखार तेजी से फैल रहा है। पूरे शहर में गन्दगी से लोग परेशान हैं। दवा का छिडकाव कराने से आम जनता को राहत मिलेगी। नगर अध्यक्ष अरुण गुप्ता ने कहा कि इस बाद पालिका में कांग्रेस जीत का परचम लहरायेगी। पीसीसी सदस्य रंजना बरातीलाल पाण्डेय ने कहा कि जिस तरह से कांग्रेस नेता राहुल गांधी भारत जोडो पद यात्रा पर निकले हैं। वह प्रतिदिन पैदल चलकर किसानों, व्यापारियों, मजदूरों, आदिवासियों, बुनकरों से भेंटकर लोगों की समस्या सुनकर निदान को आवाज बुलंद करते हैं। देश में लोकतंत्र को कुचला जा रहा है। आम जनता महंगाई से परेशान है। नौजवान बेरोजगारी से व्यापारी जीएसटी से परेशान हैं। समस्याओं के लिए केवल कांग्रेस संघर्ष कर रही है। सभी लोग एकजुट होकर राहुल गांधी एवं कांग्रेस के हाथों को मजबूत कर नगर का विकास करायें। इस मौके पर अनिल गुप्ता, कुलदीप मिश्रा, चुनबाद प्रसाद, निरंजन कुशवाहा, सविता पाल, राजनारायण यादव, महेन्द्र सिंह, मानवेन्द्र पटेल, भइयालाल फौजी, ओमप्रकाश गुप्ता, राममिलन कुशवाहा, रीना कुशवाहा, नत्थू, कमलेश, धीर सिंह, अमरजीत, बैजनाथ, धर्मेन्द्र, अजय कुमार आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।

भयभीत न हों, घायलों की हर हाल में करें मददः एएसपी

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देश पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में सीओ यातायात एसपी सोनकर की मौजूदगी में सुषमा स्वरुप इंटरनेशनल स्कूल अशोह के छात्र-छात्राओं ने यातायात जागरूकता बाबत बस स्टैण्ड कर्वी में नुक्कड नाटक किया। गुरुवार को नुक्कड नाटक में बतौर मुख्य अतिथि एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने स्कूली छात्र-छात्राओं/ वाहन चालकों को यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी। कहा कि मनुष्य का जीवन बहुत महत्वपूर्ण है। दो व चारपहिया वाहन चलाते समय

हेलमेट व सीटबेल्ट अवश्य लगायें। जल्दबाजी में वाहन न चलायें। बच्चों ने नुक्कड नाटक के माध्यम से बताया कि अपने आफिस, बाजार या कहीं भी बाहर जाते समय सकुशल वापसी को परिवार के लोग इंतजार करते हैं। ऐसे में सावधानी से वाहन चलायें। यमराज की भूमिका निभा रहे छात्र एवं यातायात प्रभारी योगेश कुमार यादव ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक किया। जागरूकता श्लोगन से भी लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। एएसपी ने नुक्कड नाटक आयोजित करने वाले बच्चों की सराहना करते हुए सभी से अपील किया कि कोई हादसा होने पर घायलों की अवश्य मदद करें, डरें नहीं। परिवहन विभाग सडक हादसे में घायल की मदद करने वालों को नकद पुरस्कार देता है। नुक्कड नाटक में यातायात निरीक्षक मनोज कुमार, टीएसआई योगेश कुमार यादव, प्रधानाचार्य नीतू वर्मा, विद्यालय के शिक्षक व छात्र-छात्रायें मौजूद रहे।

पुरवा तरौंहा में बिना कार्यों के हुआ भुगतान

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। कर्वी ब्लाक के पुरवा तरौंहा के मजरे गोपालपुर के प्राथमिक विद्यालय में कायाकल्प योजना के तहत छत मरम्मत कार्य व विद्यालय के कमरों व किचन व चबूतरे में लगाये टाइल्स निर्माण कार्य में खूब लीपापोती की गई है। विद्यालय की दशा देखते ही पता चलता है कि कितना घटिया कार्य हुआ है।

गुरुवार को स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय की छत मरम्मत कार्य में खाली भूडा बालू डालकर ऊपर से सीमेन्ट का लेप किया है। इससे विद्यालय की छत अभी से टपक रही है। छत निर्माण कार्य के नाम पर सरकारी धन का दुरुपयोग हुआ है। टाइम्स निर्माण कार्य भी गुणवत्ताविहीन कराया है। ग्राम पंचायत के मजरे गोपालपुर में गौशाला में जाने को रास्ता नहीं है। गौवंशों के संरक्षण को कोई व्यवस्था नहीं है। गौशाला में अभी पिलर कार्य मानक विहीन कराया जा रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि गौशाला सिर्फ नाम मात्र को खुली है। गौशाला में गौवंश संरक्षित नहीं किये जाते। अन्ना गौवंश फसलों को भारी क्षति पहुंचा रहे हैं। प्रधान व सचिव के ध्यान न देने से किसान खासे परेशान हैं। जिला प्रशासन से ग्रामीणों ने मांग की है कि मामले को संज्ञान में लेकर प्रधान व सचिव की जांच कराकर शिकंजा कसा जाये।

बाल दिवस पर बाल फिल्मों का प्रदर्शन

मथुरा। बाल दिवस पर सामजिक संस्था आदर्श संस्कार शाला तथा बाल शिक्षा प्रबंधक समिति द्वारा संयुक्त रूप से ह्यचिल्ड्रन्स शार्ट फिल्म फेस्टिवलह्न का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों के लिये विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुति के साथ संदेश परक लघु बाल फिल्मों का प्रदर्शन हुआ। आरंभ नाट्यशाला द्वारा संयोजित आयोजन में ब्रज से जुड़े अभिनेता, निर्देशक एवं रंगकर्मी, कलाकारों का सम्मान किया गया। गिर्राज महाराज महाविद्यालय सभागार बाल फिल्म मेले का उदघाटन करते हुए वरिष्ठ फिल्म अभिनेता यतीन्द्र चतुवेर्दी ने कहा कि बच्चे संसार के सच्चे अभिनेता होते हैं। बचपन में कभी हंसना, कभी रूठना कभी मटकना और सब कुछ भूल कर फिर से मुस्कुरा देना। यही सकारात्मक बचपन राष्ट्र का भविष्य है। वरिष्ठ शिक्षाविद बृजबाला शुक्ला ने कहा कि बालपन से ही हमें बच्चों को संस्कारों से जोड़ना होगा। राजेंद्र प्रसाद गोस्वामी ने कहा कि बच्चों को प्रतिदिन अपने परिवार के बुजुर्गों के थोड़ा समय अवश्य देना चाहिए। बच्चे ही समाज का कल है अगर बच्चे बुद्धिमान, स्वस्थ हैं समाज सुखी रहेगा। कार्यक्रम का संचालन दीपक कुमार गोस्वामी ने किया। इस दौरान आकाश शर्मा, यतीन्द्र चतुवेर्दी, राजेश श्रीवास्तव, मनोज राठोड़, रुस्तम लोधी, साजन चतुवेर्दी, देवेंद्र पल,मीनाक्षी पंड्या, राजवीर सिंह, प्रमोद लबनिया, प्रीतित, राजाराम मौर्य सुशील पाठक, जैस चैहान, शैली शाह, चंद्र प्रकाश शर्मा आदि फिल्म कलाकारों को सम्मानित किया गया।

बेगमपुर खादर में सरकारी जमीन से हटाया अवैध अतिक्रमण

मथुरा। मांट तहसील के गांव बेगमपुर खादर में सर्वे विभाग ने सरकारी जमीन से खड़ी फसल को जुतवाकर अवैध कब्जे हटाए। मांट तहसील के गांव बेगमपुर खादर में सर्वे विभाग की एआरओ प्रीति जैन के नेतृत्व में बुधवार को करीब दो बजे तक सरकारी जमीनों से अवैध कब्जे हटाए जाने का अभियान चलाया गया। करीब पांच हेक्टेयर भूमि पर लंबे समय से कुछ लोग खेती कर रहे हैं। इनके आवंटन निरस्त हो चुके थे, श्रीमती जैन के साथ मांट, सुरीर और नौहझील थाना पुलिस बल भी मौजूद रहा। चार ट्रैक्टरों की सहायता से सरसों, गैहूं के अलावा आलू, फूलगोभी, बैंगन, पालक व अन्य सब्जियों की खेती को जुतवा दिया गया। गांव बेगमपुर में सर्वे विभाग की अधिकारी प्रीति जैन खेतों पर हो रहे कब्जे हटवा रही थीं। इसी दौरान 10 वर्ष का बच्चा विशाल खेत में खड़ा होकर फसलों को देख रहा था, बाद में जब उसके खेत में ट्रैक्टर आया तो बालक दौड़कर प्रीति जैन के पास गया और पैर पकड़ कर खड़ी फसल को नहीं जोतने की मनुहार की। यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ है।

रिलायंस रिटेल्स ट्रेंड्स ने लांच किया ट्रेंड्स न्यू विंटर वियर कलेक्शन

फाजिल्का

देश की सबसे बड़ी परिधान और ऐसेसरिज स्पैश्लिटी चैन - रिलायंस रिटेल्स ट्रेंड्स ने पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के लिये ब्रांड न्यू विंटर वियर लाईन की एक व्यापक कलेक्शन लांच की है। साल के अंत में सर्द मौसम में आरामदायी लेयर्स, टाईट फिट्स और सीजनल ट्रेंड्स की मांग की पूर्ति करने के लिये इस कलेक्शन की सौगात पेश की गई है। ट्रेंड्स विंटर क्लोथिंग कलेक्शन में स्टाईलिश कपड़े है जिसमें महिलाओं के लिये पुलोवर स्वेटर्स, हुड वाली स्वेटशर्ट, लोंग स्वेटर्स के साथ साथ पुरुषों के लिये ऊनी स्वेटर्स की व्यापक रेंज शामिल है। ट्रेंड्स विंटर कलेक्शन में महिलाओं के लिये गर्म और आरामदायक महसूस करने के साथ साथ फैशनेबल और ट्रेंडी दिखने के लिये २२कपड़ों की शानदार रेंज मौजूद है जिसमें जैकेट्स, श्रग्स से लेकर नरम स्वेटर्स शामिल हैं। लड़कियों और महिलाओं के लिये सुपर जैकेट्स और कूल कलर ब्लाकिंग स्वेटशर्ट्स की व्यापक भरमार है जिन्हें वे अपने वार्डरोब्स में अवश्य रखना पसंद करेंगीं। पुरुषों के लिये भी इस विंटर कुलैक्शन में उनके पास चुनने के लिये आर्कषक विकल्प हैं जिसमें आकर्षक कलर्स, व्यापक चैक्स डिजाईन और बोल्ड प्रिंट के जैकेट्स शुमार हैं।

गैरहाजिर मिलने पर 19 शिक्षकों का रोका वेतन

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। विकास भवन में संचालित कंट्रोल रूम दूरभाष के माध्यम से उपस्थिति लेने के दौरान अनुपस्थित पाए गए 19 शिक्षकों का संबंधित दिवस का अग्रिम आदेश तक वेतन रोक दिया गया है। इनमें दो प्रधानाध्यापक हैं। मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को निर्देश दिए हैं कि इन सभी शिक्षकों का स्पष्टीकरण लेकर अपनी आख्या सहित उनको भेजें।

गुरुवार को सीडीओ ने बताया कि जिले में कार्यरत कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराए जाने के संबंध में एक नवंबर से विकास भवन में कंट्रोल रूम संचालित किया गया है। 16 नवंबर को दूरभाष से उपस्थिति प्राप्त करने पर मानिकपुर के केसरुआ प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्याममनोहर और कर्वी के बामनपुर प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक नवल किशोर गैरहाजिर पाए गए। इनके अलावा कर्वी ब्लाक की सहायक अध्यापिका शालिनी पटेल और शिक्षामित्र गोपाल सिंह, कमलेश कुमार सिंह अनुपम कुमार दुबे भगवानदीन अभिलाषा देवी छोटेलाल लक्ष्मी यादव माया देवी व अनुदेशक राघवेंद्र प्रताप सिंह निर्मला देवी अनुपस्थित लोगों में शामिल हैं। मानिकपुर ब्लाक में सहायक अध्यापक रफी अहमद श्याम सिंह के अलावा शिक्षामित्र अनुपम उपाध्याय, दीपक देवी बच्ची देवी अनुदेशक जितेंद्र कुमार का भी अनुपस्थित दिवस का वेतन अग्रिम आदेश तक रोक दिया गया है। उधर, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार पांडेय ने मुख्य विकास अधिकारी को पत्र भेजकर उनके कार्यालय से कथित रूप से आने वाली फोन कालों का संज्ञान लेने का अनुरोध किया है। शिक्षक नेता ने सीडीओ को भेजे पत्र में बताया है कि बेसिक शिक्षा परिषद अंतर्गत संचालित विद्यालयों के शिक्षकों के पास सीडीओ कार्यालय के कंट्रोल रूम के नाम से प्रतिदिन फोन काल की जाती है। इस संबंध में सीडीओ और बीएसए स्तर से किसी तरह का औपचारिक आदेश न होने की वजह से शिक्षकों के बीच भ्रम की स्थिति है। अननोन काल होने से शिक्षक अक्सर फोन रिसीव नहीं करते। इस तरह का शासन स्तर से कोई आदेश नहीं प्राप्त हुआ है। अनुरोध किया कि इस संबंध में फोन नंबर सहित कोई आदेश निर्गत करें, जिससे शिक्षक फोन रिसीव कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि सेल्फी संबंधी आदेश से महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचने की आशंका है, ऐसे में सेल्फी मांगने पर रोक लगाने का निर्देश भी दें।

नये मतदाता बन लोकतंत्र के बनें हिस्सेदारः एडीएम

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चित्रकूट में विधानसभा निर्वाचक नामावली का संक्षिप्त पुनरीक्षण/ मतदाता पंजीकरण नौ नवम्बर से आठ दिसम्बर तक जारी है। एक जनवरी 2023 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा मतदाता का नाम सूची में जोडा जा रहा है। विशेष अभियान 12 नवम्बर, 20 नवम्बर, 26 नवम्बर एवं चार दिसम्बर को चलेगा।

गुरुवार को नोडल अधिकारी स्वीप/जिला विद्यालय निरीक्षक बलिराज राम ने बताया कि इस दिन जिले के प्रत्येक बूथ में

बीएलओ मौजूद रहकर मतदाताओं का पंजीकरण कराने को फार्म छह में आवेदन प्राप्त करेंगे। पूर्व पंजीकृत मतदाताओं की प्रविष्ट में संशोधन को फार्म आठ में आवेदन ले आये हैं। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में घूम-घूम कर प्रचार करने को एडीएम/उपजिला निर्वाचन अधिकारी कुंवर बहादुर सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीधर यादव, स्वीप नोडल अधिकारी बलिराज राम ने हरीझण्डी दिखाकर कलेक्टेज्ट परिसर से रवाना किया। इस मौके पर शिक्षक सुरेश प्रसाद, अफरोज अली, जानकीशरण आदि मौजूद रहे। इस अवधि में वोटर हेल्पलाइन एप से आनलाइन पंजीकरण भी कर सकते हैं। आफलाइन पंजीकरण करने को नजदीकी बूथ के बूथ लेबिल अधिकारी के पास से फार्म छह लेकर आवेदन भर सकते हैं। फार्म आठ में संशोधन करा सकते हैं। एक जनवरी को 18 वर्ष पूरी करने वाले मतदाता अपना नाम सूची में दर्ज कराकर लोकतंत्र के हिस्सेदार बन सकते हैं।

पहाडी में खाद पाने को किसानों में मारामारी

अखंड भारत संदेश

पहाडी/चित्रकूट। कस्बे के उत्तरी सोसाइटी में डीएपी खाद पहुंचते ही सवेरे से लम्बी लाइन लग गई। खाद लेने को किसान खासे परेशान रहे। किसानों ने आरोप लगाया कि सोसाइटी के कर्मचारी अपने चहेतों को समय से खाद देते हैं, जबकि अन्य किसानों को खाद नहीं मिलती। गुरुवार को डीएपी खाद लेने को पहाडी क्षेत्र समेत अन्य सोसाइटियों में खाद लेने को खासी मारामारी मची है। किसान खाद लेने को चक्कर लगा रहे हैं। इसके बाद भी किसानों को खाद नहीं मिल रही है। पहाडी कस्बे के उत्तरी सोसाइटी में खाद लेने आये चैरा गांव के दीपक, देवल गांव के रामस्वरुप ने

बताया कि सवेरे चार बजे से भूखे-प्यासे खाद लेने को सोसाइटी में खडे रहते हैं। इसके बाद भी खाद नहीं मिली। उप कृषि अधिकारी आरसी शुक्ल ने बताया कि किसानों को नियमों के आधार पर खाद दी जा रही है। कोई समस्या है कि किसान सम्पर्क करें। सभी को खाद उपलब्ध कराई जायेगी।

बरुवा बांध तक पानी ले जाने की योजना करें मंजूरः विधायक

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। सपा के सदर विधायक अनिल प्रधान ने सूबे के जलशक्ति मंत्री से भेंटकर कहा कि रसिन बांध परियोजना का लोकार्पण 2020 में किया गया था। रसिन बांध से एक नहर के विस्तारीकरण की परियोजना मंजूरी को शासन स्तर पर लम्बित है। इस परियोजना के निर्माण से जिले के दूर-दराज क्षेत्रों के किसानों को सिंचाई का लाभ मिलेगा।

गुरुवार को सदर विधायक अनिल प्रधान ने सूबे के जल शक्ति मंत्री से भेंटकर कहा कि आसपास के क्षेत्र के जल स्तर में वृद्धि होगी। उन्होंने जल शक्ति मंत्री से अनुरोध किया कि इस परियोजना की मंजूरी को संबंधित को निर्देश दें, ताकि जिले के क्षेत्रीय किसानों को अधिक से अधिक सिंचाई सुविधा का लाभ मिल सके। उन्होंने बरुवा बांध तक पानी ले जाने की कार्य योजना मंजूर करने व बरुवा मुख्य नहर पथरौडी के पास बीआरवी पुनः निर्माण को वित्तीय एवं प्रशासनिक मंजूरी देने की मांग उठाई।

उन्होंने कहा कि बरुवा बांध में रेनोवेशन परियोजना मंजूरी व रसिन बांध से एक नहर का विस्तारीकरण करने को बनाई परियोजना को मंजूर किया जाये।

घनश्याम गुप्ता ने सफीपुर सीओ को भेंट की पुस्तक

सफीपुर उन्नाव । वरिष्ठ बुजुर्ग पत्रकार व सराफा कारोबारी द्वारा अच्छे कार्यों के लिए सफीपुर क्षेत्राधिकारी से शिष्टाचार स्वरूप मुलाकात कर उन्हें हनुमान चालीसा पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार कस्बा सफीपुर के मोहल्ला बबर अली खेड़ा निवासी बांगरमऊ व सफीपुर में स्थित व्यवसायिक प्रतिष्ठान घनश्याम ज्वेलर्स एवं बर्तन भंडार के मुख्य संचालक जो कि पत्रकार भी हैं घनश्याम गुप्ता ने गुरुवार को सफीपुर सर्किल ऑफिसर श्रीमती माया राय से शिष्टाचार पूर्वक मुलाकात कर उन्हें चांदी के पन्नों से निर्मित हनुमान चालीसा पुस्तक भेंट की! तथा सीओ द्वारा क्षेत्र में शांति व्यवस्था एवं अमन चैन कायम रखने तथा

अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कठोर कार्यवाही अभियान की सराहना करते हुए उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी गई! यहां पर आपको बता दें कि घनश्याम गुप्ता द्वारा निरंतर गरीबों की मदद, परोपकार एवं धार्मिक और सामाजिक कार्यों में सदैव ही बढ़ चढ़कर भाग लिया जाता रहता है! वार्ता के दौरान उन्होंने बताया कि सर्दी मौसम के दृष्टिगत आगामी दिनों में ठंडक बढ़ने पर गरीब असहाय लोगों को शीतलहर से बचाव हेतु उनको कंबल वितरण करवाने की भी व्यवस्था सुनिश्चित

सर्वे रिपोर्ट के बाद प्रत्याशियों की दावेदारी पर होगा फैसला

मथुरा। रालोद ने शहरी मतदाताओं पर ध्यान केन्द्रित कर दिया है। चुनाव लड़ने के इच्छुक प्रत्याशियों की दावेदारी पर सर्वे रिपोर्ट के बाद फैसला लिया जाएगा। चुनाव लडने के लिए दावा कर रहे प्रत्याशियों से आवेदन लिए जा रहे हैं। इसके बाद पार्टी अपने स्तर पर दावेदारों का सर्वे कराएगी। सर्वे रिपोर्ट के आधार पर दावेदारों में से पार्टी अपना प्रत्याशी तय करेगी। गुरुवार को राष्ट्रीय लोकदल कैम्प कार्यालय पर जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह भरंगर ने लोगों की समस्या सुनीं। ग्रामीण क्षेत्र के अलावा शहर से भी बडी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। ज्यादातर लोगों की शिकायत बिजली के बिलों से जुड़ी हुई थी। वहीं सरकारी कार्यालयों में सुनवाई नहीं होने

जैसी समस्या भी लोगों ने रखीं। लोगों को आश्वासन दिया गया कि संबंधित अधिकारियों से मिलकर उनका निराकरण कराया जाएगा। बैठक में उपस्थित निकाय चुनाव में पार्षद पद के प्रत्याशियों ने रालोद के चुनाव चिन्ह पर चुनाव लड़ाने का अनुरोध किया। जिला अध्यक्ष ने आश्वस्त किया कि प्रत्येक वार्ड में कार्यकताओं द्वारा सर्वे कराने के पश्चात प्रत्याशियों की घोषणा की जाएगी। सरकार द्वारा आरक्षण तय होने पर प्रत्याशी घोषित किए जाएंगे तथा महापौर पद के लिए दोनों दलों के पदाधिकारी मिलकर प्रत्याशी का चयन करेंगे। उपचुनाव में रालोद प्रत्याशी मदन भैया के समर्थन में प्रचार के लिए जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में 100 कार्यकर्ता की टीम जाएगी। कार्यकर्ता विधानसभा क्षेत्र के गांव में डोर टू डोर प्रचार पर रालोद प्रत्याशी को विजय बनाएंगे। इस दौरान मुख्य रूप से इंजीनियर बलवीर सिंह, गोपाल सिंह, सुरेंद्र सिंह, अनुराग चैधरी, नीरज ठाकुर, चौधरी हरपाल सिंह, हजरत , सुखपाल सिंह, पुष्पेंद्र कुमार, हरिओम सिंह, हरदयाल सिंह, किशन सिंह, अनुराग चौधरी, प्रीति सिंह, मो. वसीम आदि मौजूद रहे।

विदेश संदेश

अंतरराष्ट्रीय पैरालंपिक समिति ने रूस, बेलारूस को निलंबित किया

बर्लिन। बर्लिन में महासभा की बैठक में अंतरराष्ट्रीय पैरालंपिक समिति (आईपीसी) के सदस्य संगठनों ने रूस और बेलारूस की राष्ट्रीय पैरालंपिक समितियों (एनपीसी) को निलंबित कर दिया। आईपीसी के अध्यक्ष एंड्रयू पार्सन्स ने कहा, एक लोकतांत्रिक, सदस्यता-आधारित संगठन के रूप में, आईपीसी के सर्वोच्च निकाय के रूप में महासभा को इस महत्वपूर्ण मामले पर निर्णय लेने की अनुमति देना महत्वपूर्ण था। आईपीसी सदस्यों ने रूस को निलंबित करने के प्रस्ताव के पक्ष में 64-39 मत दिए (16 सदस्य अनुपस्थित रहे), जबकि 54-45 ने बेलारूस को निलंबित करने के पक्ष में मतदान किया, जिसमें 18 सदस्य अनुपस्थित रहे। आईपीसी सदस्यों द्वारा एनपीसी रूस और एनपीसी बेलारूस को निलंबित करने का निर्णय आईपीसी संविधान के तहत उनकी सदस्यता दायित्वों का पालन करने में असमर्थता है। इसमें यह सुनिश्चित करने के दायित्व शामिल हैं कि, पैरा खेल में निष्पक्ष खेल की भावना प्रबल हो, एथलीटों की सुरक्षा और स्वास्थ्य की रक्षा की जाए और मौलिक नैतिक सिद्धांतों को बरकरार रखा जाए। अध्यक्ष ने कहा, 'संबंधित प्रस्तावों पर वोट लेने से पहले, आईपीसी सदस्यों को अपने विचार व्यक्त करने का अवसर मिला। इसमें रूस और बेलारूस के एनपीसी से सुनवाई शामिल थी, जो हमारे संविधान को नियंत्रित करने वाले जर्मन कानून के तहत असाधारण महासभा में भाग लेने, बोलने और अपना मामला पेश करने का अधिकार रखते हैं। अंततः हमारी सदस्यता ने अगली सूचना तक दोनों एनपीसी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का निर्णय लिया है।

5000 से ज्यादा कैदियों को रिहा किया जाएगा, इनमें पूर्व ब्रिटिश राजदूत कई अहम नाम

बर्लिन। म्यांमार की सेना जुंटा देश के राष्ट्रीय विजय दिवस के अवसर पर कैदी माफी के हिस्से के रूप में म्यांमार के पूर्व ब्रिटिश राजदूत और एक ऑस्ट्रेलियाई अर्थशास्त्री सहित हजारों कैदियों को रिहा करेगी। माफी म्यांमार के राष्ट्रीय दिवस को चिह्नित करने के लिए 5,744 कैदियों को रिहा किया जाएगा। इनमें से एक ऑस्ट्रेलियाई अर्थशास्त्री सीन टर्नेल भी शामिल हैं, जिन्हें फरवरी 2021 में सत्ता पर कब्जा करने के बाद से हिरासत में लिया गया था। म्यांमार में पूर्व ब्रिटिश राजदूत विक्की बोमन (जिन्हें अगस्त में गिरफ्तार किया गया था) को भी जेल से रिहा कर दिया जाएगा।

म्यांमार में 1 फरवरी 2021 को देश की लोकतांत्रिक सरकार का तख्तापलट करने के बाद से वहां सैन्य शासन लागू है। म्यांमार में ब्रिटेन की पूर्व राजदूत बोमैन (56) को अगस्त में यांगून में उनके पति के साथ गिरफ्तार किया गया था। सुरक्षा बलों ने सितंबर में सिडनी के मैक्वेरी विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र के सहायक प्रोफेसर 58 वर्षीय टर्नेल को यांगून के एक होटल से गिरफ्तार किया था। उन्हें आधिकारिक गोपनीयता कानून और आव्रजन कानून का उल्लंघन करने के आरोप में तीन साल कारावास की सजा सुनाई गई थी। जापान के 26 वर्षीय कुबोता को यांगून में पिछले साल 30 जुलाई को गिरफ्तार किया गया था। उन्हें पिछले महीने 10 साल कारावास की सजा सुनाई गई थी। उन पर सत्ता पर सेना के कब्जे के खिलाफ आयोजित एक प्रदर्शन की तस्वीरें लेने का आरोप था। उन पर वीडियो बनाने के भी आरोप लगाए गए थे।

जंग की ओर बढ़ रहे ताइवान और चीन, रिपोर्ट में दावा-दोनों ने तेज कीं सैन्य तैयारियां

बर्लिन। चीन व ताइवान की रक्षा तैयारियों और जंग की ओर बढ़ने को लेकर एक मीडिया रिपोर्ट में बड़ा दावा किया गया है। इसमें कहा गया है कि चीन ने ताइवान को अपने देश में फिर मिलाने के इरादे से अपनी सैन्य गतिविधियां बढ़ा दी हैं। इसे देखते हुए ताइपे ने भी अपनी रक्षा और युद्ध की दशा में हालात से निपटने की तैयारियां शुरू कर दी हैं। सिंगापुर पोस्ट ने चीन व ताइवान की रक्षा तैयारियों को लेकर रिपोर्ट दी है। इसमें कहा गया है कि चीन की मंशा को भांपते हुए ताइपे ने अपनी सैन्य तैयारी शुरू कर दी है। इससे पहले ताइवान की राष्ट्रपति त्साई इंग-वेन ने बीजिंग को चेतावनी दी थी कि यह द्वीप ताइवान के लोगों का है। उन्होंने चीन का नाम लिए बगैर कहा था कि ताइवान का अस्तित्व किसी के लिए उकसावे की बात नहीं है। सिंगापुर पोस्ट ने ताइवान के स्थानीय मीडिया पोस्ट के आधार पर यह खबर दी है। इसमें कहा गया है कि ताइवान ने लड़ाकू विमानों और नौसैनिक पोतों जैसे बड़े सैन्य प्लेटफार्मों और प्रणालियों की खरीदी के बजाए छोटे घातक एंटी-शिप हथियारों और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों पर फोकस किया है।

पोलैंड और नाटो ने माना गलती से यूक्रेनी मिसाइल दागी गई, रूस को भी क्लीन चिट

वारसा। पोलैंड में हुए मिसाइल हमले को लेकर आरोप-प्रत्यारोप के साथ ही एक-दूसरे को बचाने को लेकर बयानबाजी तेज हो गई है। यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने पोलैंड पर दागी गई मिसाइल को रूसी बताया है। इसी बीच पोलैंड और सैन्य गठबंधन नाटो ने स्पष्ट कर दिया कि गलती से एक यूक्रेनी मिसाइल पौलेंड में गिरी है। साथ ही दोनों ने रूस को क्लीन चिट दे दी है। इस हमले में दो लोगों की मौत हुई है।

माना जा रहा है कि यह मिसाइल यूक्रेन के रूस निर्मित एयर डिफेंस सिस्टम से छोड़ी गई थी, जो पोलैंड के सीमावर्ती गांव में आ गिरी। यूक्रेन के एयर डिफेंस सिस्टम ने यह मिसाइल रूसी मिसाइल हमले को विफल करने के लिए छोड़ी थी। पोलैंड के राष्ट्रपति आंद्रजेज डूडा ने कहा है कि यूक्रेन के डिफेंस सिस्टम ने एक साथ कई दिशाओं में मिसाइलें दागीं। उन्हीं में से एक मिसाइल सीमा पार कर पोलैंड के गांव में आ गिरी। इसके अतिरिक्त कोई मामला नहीं है। इसे

पोलैंड पर जान-बूझकर हमला नहीं कहा जा सकता है। उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के महासचिव जेंस स्टोल्टेनबर्ग ने ब्रसेल्स में बैठक के बाद कहा, हमारे पास ऐसा कोई साक्ष्य नहीं है, जिससे इस मिसाइल हमले को रूस के हमलों से जोड़ा जा सके। नाटो प्रमुख ने कहा कि यह यूक्रेन की गलती भी नहीं थी। इसके लिए अंततः रूस जिम्मेदार है, जिसने यूक्रेन पर मिसाइल हमला किया था और उसके बाद यूक्रेन ने बचाव में ताबड़तोड़ हर दिशा में मिसाइलें दाग दीं।

उल्लेखनीय है कि पोलैंड अमेरिका के नेतृत्व वाले नाटो का सदस्य देश है। इससे पहले जी 20 देशों की बैठक में इंडोनेशिया में मौजूद अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा था कि उन्हें नहीं लगता कि रूस ने पोलैंड पर मिसाइल हमला किया है।

अमेरिका ने रूस पर आरोपों से किया इनकार

बाद में तीन अमेरिकी अधिकारियों ने मामले की शुरुआती जांच के बाद कहा कि पोलैंड पर गिरी मिसाइल यूक्रेन के सुरक्षा बल ने दागी थी, जो रूसी हमले से बचाव के लिए थी। इससे पहले अमेरिकी खुफिया एजेंसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने हमले के तत्काल बाद बयान में रूसी सेना को जिम्मेदार ठहराकर सनसनी पैदा कर दी थी।

उल्लेखनीय है कि यूक्रेन सहित ज्यादातर पूर्व सोवियत देशों के पास तमाम रूसी हथियार और एयर डिफेंस सिस्टम मौजूद हैं। यूक्रेन ने ऐसे ही एक एयर डिफेंस सिस्टम से मंगलवार को मिसाइल दागी जो पोलैंड के सीमावर्ती गांव में जा गिरी थी।

खतरनाक मोड़ पर जा रही जंग : संयुक्त राष्ट्र

पोलैंड पर मिसाइल हमले को लेकर संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस ने चेतावनी देते हुए कहा है कि यूक्रेन जंग को आगे बढ़ने से रोकना होगा। उन्होंने कहा कि यह कदम युद्ध को बढ़ाने वाला हो सकता है। यूक्रेन जंग के बाद पोलैंड पर रूसी मिसाइलों गिरने के बाद गुटेरेस ने कहा कि अब यूक्रेन जंग को आगे बढ़ने से रोकना होगा। उन्होंने कहा कि पोलैंड में मिसाइल दागने वाला कदम जंग को बढ़ाने वाला कदम है।

गौरतलब है कि नौ महीने पूर्व शुरू हुआ यूक्रेन जंग थमने का नाम नहीं ले रहा है। रूसी सेना ने यूक्रेन की राजधानी कीव के रिहायशी इलाकों को निशाना बनाया है। इन हमलों के बीच एक मिसाइल पोलैंड में भी गिरी है। इस हमले में पोलैंड के दो नागरिकों की मौत हो गई, इसके बाद तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इस बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के वरिष्ठ सलाहकार ने कहा कि इस युद्ध की शुरुआत से अभी तक मिसाइल द्वारा किए गए सभी हमलों के लिए रूस जिम्मेदार है।

जी-20 : राष्ट्राध्यक्षों को नायाब तोहफे देकर भारत लौटे प्रधानमंत्री मोदी

बाली। इंडोनेशिया के बाली में जी-20 शिखर सम्मेलन समाप्त हो गया। अंतिम दिन भारत को जी-20 समूह के नए अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गयी। भारत लौटने से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शिखर सम्मेलन में भाग लेने आए राष्ट्राध्यक्षों को नायाब तोहफे दिए। अगले वर्ष भारत में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में आने का न्योता देकर प्रधानमंत्री बाली से दिल्ली के लिए रवाना हुए।



जी-20 सम्मेलन के अंतिम दिन इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जी-20 के नेतृत्व की कमान सौंपी। भारत एक दिसंबर से आधिकारिक रूप से जी-20 समूह का मुखिया हो जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने आए नेताओं को भारतीय पहचान के अलग-अलग तोहफे दिये। इन सभी नेताओं को उन्होंने अगले वर्ष भारत में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में आने का न्योता भी दिया। जी-20 समूह के निवर्तमान अध्यक्ष इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो को मोदी ने सूरत में बना चांदी का कटोरा और

हिमाचल प्रदेश का किन्नौरी शॉल उपहार में दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को 'माता नी पछेड़ी' का तोहफा दिया। यह गुजरात का एक हस्तनिर्मित कपड़ा है और मंदिर के मंदिरों में चढ़ाया जाता है, जिसमें देवी मां रहती हैं। यह नाम गुजराती है, जिसमें 'माता' का अर्थ है 'मां देवी', 'नी' का अर्थ है 'से संबंधित' और 'पछेड़ी' का अर्थ है 'पृष्ठभूमि'। प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन को कांगड़ा की लघु पेंटिंग उपहार में दी। कांगड़ा लघु चित्रों में प्राकृतिक पृष्ठभूमि पर प्रेम का चित्रण किया जाता है। ये अति सुंदर पेंटिंग हिमाचल प्रदेश के चित्रकारों द्वारा प्राकृतिक रंगों का उपयोग करके बनाई गई हैं। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज को भारतीय प्रधानमंत्री ने 'पिथौरा' भेंट किया। 'पिथौरा' निर्माण गुजरात में छोटा उदयपुर के राठवा कारीगरों द्वारा एक अनुष्ठानिक जनजातीय लोक कला है।

ट्विटर को जल्द मिलेगा नया नेतृत्व करने वाला: एलोन मस्क

वाशिंगटन। ट्विटर के अधिग्रहण के बाद से अपने बयान व निर्णयों से लगातार सुर्खियों में बने रहने वाले एलन मस्क ने घोषणा की है ट्विटर को जल्द नया नेतृत्व करने वाला मिलने जा रहा है। इसके साथ ही मस्क ने कहा है कि वो ट्विटर पर अब कम समय देंगे। मस्क ने कहा कि वह सोशल मीडिया कंपनी चलाने के लिए एक नए लीडर की तलाश कर रहे हैं और इस सप्ताह तक कंपनी के पुनर्गठन के पूरा होने की उम्मीद है। एलन मस्क का यह बयान ऐसे वक्त में आया है, जब उन्होंने हाल ही में पूर्व सीईओ पराग अग्रवाल समेत कई कर्मचारियों को ट्विटर से निकाल दिया था। मस्क ने कहा था कि अधिग्रहण के बाद कंपनी का पुनर्गठन किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि कंपनी के पुनर्गठन के बाद वह ट्विटर पर समय देना कम कर देंगे। इससे पहले ट्विटर के नए बॉस एलन मस्क ने कहा था कि ट्विटर पर ब्लू सब्सक्रिप्शन को 29 नवंबर तक पुनः लॉन्च कर दिया जाएगा। एलन मस्क ने ट्वीट कर इस बात

की जानकारी दी थी। मस्क ने एक ट्वीट कर कहा कि ब्लू सब्सक्रिप्शन सर्विस 29 नवंबर को फिर से शुरू की जाएगी।

एक दिन पहले ही ट्विटर के मालिक एलन मस्क ने भारत समेत कई देशों में ट्विटर की धीमी स्पीड को लेकर माफी मांगी थी। अरबपति एलन मस्क ने कहा था कि भारत तथा कई अन्य देशों में ट्विटर बहुत धीमा है। उन्होंने कहा कि होमलाइन पर ट्वीट को रिफ्रेश करने में 10 से 15 सेकंड लगना आम बात है। एक अन्य ट्वीट में उन्होंने कहा था कि वह कई देशों में ट्विटर के बहुत धीमा होने के लिए माफी मांगते हैं।

नहीं थम रही हिंसा व आगजनी, गोलीबारी में 7 लोगों की मौत

तेहरान। ईरान में हिंसा व आगजनी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। दो शहरों में हुई गोलीबारी की घटनाओं में 7 लोगों की मौत हो गयी। मृतकों में दो महिलाएं व दो सुरक्षाकर्मी शामिल हैं। कुछ सुरक्षाकर्मियों सहित दस लोग घायल भी हुए हैं। ईरान में हिजाब विरोधी प्रदर्शनकारियों ने एक मदरसे में आग भी लगा दी।

ईरान में हिजाब विरोधी आंदोलनों के तेज होने के साथ हिंसा की घटनाएं भी बढ़ रही हैं। ईरान के दक्षिण पश्चिमी प्रांत खुजेस्तान शहर ईजेह में कुछ बंदूकधारियों ने एक बाजार में गोलियां बरसा दीं। अचानक हुई गोलीबारी से वहां भगदड़ मच गयी। मौके पर ही पांच लोगों की मौत हो गयी। यहां दस लोग घायल हो गए, जिसमें कुछ सुरक्षाकर्मी भी शामिल हैं।

खुज़ेस्तान प्रांत के डिप्टी गवर्नर वलीओल्लाह हयाती ने बताया कि ईज़ेह में मारे गए लोगों में दो महिलाएं भी शामिल हैं। इसी तरह ईरान के एक अन्य शहर इस्फहान में भी जोरदार गोलीबारी हुई। गोलीबारी में ईरानी अर्धसैनिक बल बसिज से जुड़े दो सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गयी। सुरक्षा कर्मियों की मौत के बाद वहां तनाव बना हुआ है। इस बीच हिजाब विरोधी प्रदर्शन भी लगातार तेज हो रहे हैं। पुलिस हिरासत में बीते 17 सितंबर को 22 वर्षीय छात्रा महसा अमिनी की मौत होने के बाद से ईरान में लगातार विरोध-प्रदर्शन जारी है। देश में पिछले दो महीने से जारी प्रदर्शनों में कम से कम 344 लोगों की जान गई है, जबकि 15,820 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। हिजाब विरोधी प्रदर्शन को रोकने के लिए ईरानी बलों की ओर से की जा रही कार्रवाई पर भी सवाल उठ रहे हैं। इस आंदोलन का नेतृत्व लड़कियां कर रही हैं। प्रदर्शनकारियों का समूह देशभर में जगह-जगह एकत्र होकर सरकार विरोधी नारे लगा रहा है। इन लोगों ने ईजेह में भी कई जगह पुलिस पर पथराव किया। पुलिस ने उन्हें तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। इस दौरान एक मदरसे में आग भी लगा दी गयी। कई अन्य स्थानों पर आगजनी की घटनाएं सामने आ रही हैं।

काबुल में हुई 'मॉस्को प्रारूप पर वार्ता', अफगानिस्तान में समावेशी सरकार का आह्वान

तेहरान। अफगानिस्तान की सरजमीं से आतंकवाद के खात्मे के लिए भारत समेत कई देशों ने 'मॉस्को प्रारूप पर वार्ता' में हिस्सा लिया। भारत ने इसमें अफगानिस्तान में वास्तविक समावेशी सरकार बनाने का आह्वान किया। यह बैठक अफगानिस्तान की स्थिति पर विचार के लिए बुलाई गई थी। रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा कि हुई चौथी बैठक में रूस, भारत, चीन, पाकिस्तान, ईरान, कजाकिस्तान, किर्गीस्तान, ताजिकिस्तान, तजाकिस्तान, तुर्केमेनिस्तान व उज्बेकिस्तान के विशेष प्रतिनिधि शामिल हुए। रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा कि सहभागी देशों ने अमेरिका द्वारा जब्त अफगानिस्तान की संपत्तियों को पूरी तरह मुक्त करने की मांग की। बैठक के बाद जारी बयान में कहा गया है कि इन देशों ने अमेरिका और अन्य उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) देशों से संपत्तियां मुक्त करने का आग्रह किया, ताकि इस दौरान अफगान लोगों को हुए नुकसान का मुआवजा दिया जा सके। अमेरिका के नेतृत्व में नाटो देशों ने अफगानिस्तान में 20 साल तक सेना तैनात की थी।

आखिर तीसरी बार में लॉन्च हो सका चांद पर यात्रा का अमेरिकी मिशन

वाशिंगटन। आखिर तीसरी बार में अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा का महत्वाकांक्षी चंद्रयान आर्टेमिस-1 लॉन्च हो गया। 53 साल बाद चांद पर यात्रा के इस अमेरिकी मिशन के अंतर्गत 32 मंजिल के बराबर ऊंचाई वाले अंतरिक्ष लॉन्च सिस्टम

लेकिन इसमें कामयाबी नहीं मिलने के कारण लांचिंग टाल दी गयी थी। इसके बाद सितंबर में

और ऑरियन स्पेसक्रॉफ्ट की पहली परीक्षण उड़ान है। 322 फुट (98 मीटर) लंबा यह रॉकेट अब तक का सबसे शक्तिशाली रॉकेट है। इसके माध्यम से नासा के 'अपोलो' अभियान के 53 साल बाद चंद्रमा की कक्षा में एक खाली 'क्रू कैप्सूल' भेजा गया है। खाली 'क्रू कैप्सूल' का आशय एक टेस्ट फ्लाइट से है जिसमें अंतरिक्ष यात्री नहीं होंगे। दरअसल, अमेरिका 53 साल बाद इंसानों को चांद पर एकबार फिर भेजने की तैयारी कर रहा है और आर्टेमिस-1 इस दिशा में पहला कदम है। इससे बिना चालक दल वाले ऑरियन स्पेसक्राफ्ट को चांद पर छोड़ा गया। ऑरियन करीब 42 दिनों तक चांद पर परीक्षण करेगा। इस दौरान ओरियन करीब 70 हजार किलोमीटर की यात्रा करेगा और पृथ्वी से अब तक की सबसे ज्यादा दूरी पर पहुंचेगा। इस दौरान अगर इसमें अंतरिक्ष यात्री होते तो उन्हें दूर से पृथ्वी और चांद का भव्य दृश्य दिखाई देता।

कमजोर ग्लोबल संकेतों के कारण दबाव में शेयर बाजार

नई दिल्ली। कमजोर वैश्विक संकेतों के कारण घरेलू शेयर बाजार ने आज गिरावट के साथ कारोबार की शुरूआत की। निगेटिव सेंटिमेंट्स के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक कमजोरी के साथ खुले। शुरूआती कारोबार में इन दोनों सूचकांकों में बिकवाली के दबाव की वजह से गिरावट का रुख बना। लेकिन आधे घंटे के कारोबार के बाद ही बाजार में खरीदारी शुरू होने की वजह से शेयर बाजार निचले स्तर से रिकवरी करता हुआ नजर आने लगा। पहले 1 घंटे के कारोबार में सेंसेक्स 0.02 प्रतिशत की मजबूती के साथ और निफ्टी 0.02 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

सागर खाद्यान्न और उर्वरक पैकेज समझौते के नवीनीकरण की पुष्टि, भारत ने कही यह बात

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता वाले काला सागर खाद्यान्न और उर्वरक पैकेज समझौते का नवीनीकरण किया जाएगा। संयुक्त राष्ट्र ने इसकी पुष्टि कर दी है।

इससे पहले भारत ने उम्मीद जताई थी कि संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता वाले काला सागर खाद्यान्न और उर्वरक पैकेज समझौते का आने वाले दिनों में नवीनीकरण किया जाएगा।

भारत ने कहा था कि इसे सभी पक्षों की ओर से पूरी तरह लागू किया जाना चाहिए। समझौते के तहत रूस के साथ जारी संघर्ष के बीच यूक्रेन से खाद्यान्न निर्यात की अनुमति है। संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता से यह समझौता 22 जुलाई को हुआ था। यह 19 नवंबर को समाप्त होने जा रहा है।

समझौते में काला सागर में

यूक्रेन के कुछ बंदरगाहों से अनाज की ढुलाई की अनुमति दी गई है, जिसका उद्देश्य करीब एक करोड़ टन अनाज की आपूर्ति करके अंतरराष्ट्रीय मूल्यों को कम करने में मदद देना है। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि राजदूत रुचिरा कंबोज ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में यूक्रेन पर ब्रीफिंग में यह बात कही थी।

अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन शुक्रवार से

आतंकवाद के वित्तपोषण से निपटने के तरीकों पर चर्चा के लिए दिल्ली में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मंत्रिस्तरीय सम्मेलन शुक्रवार से शुरू होगा। इसमें 75 देशों और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। गृह मंत्रालय 18-19 नवंबर को 'आतंकवाद के लिए कोई धन नहीं : आतंकवाद के वित्तपोषण से मुकाबले के लिए मंत्रियों का सम्मेलन' की मेजबानी करेगा। इसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और अन्य नेता हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सम्मेलन का उद्घाटन कर सकते हैं।

...खर सम्मेलन में शी ने गुस्से में टड्रो को लगाई फटकार

...बातचीत के विवरण को ...ा करना 'उचित नहीं' था। ...क के माध्यम से टड्रो से ...बात पर चर्चा करते हैं वह ...हो गई है, यह उचित नहीं ...और इस तरह से बातचीत ...दिन पहले सरकारी सूत्रों ने ...कि शिखर सम्मेलन के ...ली बातचीत के दौरान,

दि गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, असहज आदान-प्रदान, और पिछली बातचीत, टड्रो और अन्य अधिकारियों द्वारा बार-बार चेतावनियों के बाद कि चीन ने कनाडा के लोकतंत्र को कमजोर करने का प्रयास किया था।

टड्रो ने चीन की बढ़ती आक्रामक 'हस्तक्षेप गतिविधियों' पर शी के साथ 'गंभीर चिंता' जताई थी। टड्रो ने शी के अनुवादक को टोकते हुए कहा, 'कनाडा में, हम स्वतंत्र और खुले और स्पष्ट संवाद में विश्वास करते हैं और हम इसे जारी रखेंगे।' 'हम रचनात्मक रूप से एक साथ काम करना जारी रखेंगे लेकिन ऐसी चीजें होंगी जिन पर हम असहमत होंगे।गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, अपने हाथों से इशारा करते हुए शी ने टड्रो से कहा कि दोनों को 'पहले परिस्थितियां बनानी चाहिए।' इस जोड़ी ने हाथ मिलाते हुए और विपरीत दिशाओं में जाते हुए अपनी बातचीत समाप्त की, कनाडा के प्रधानमंत्री थोड़े निराश दिख रहे थे। दि गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, असहज आदान-प्रदान, और पिछली बातचीत, टड्रो और अन्य अधिकारियों द्वारा बार-बार चेतावनियों के बाद कि चीन ने कनाडा के लोकतंत्र को कमजोर करने का प्रयास किया था।